माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 2-, अंक -177, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 14

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 2

## कांग्रेस के फ्रीज बैंक खातों से हटाई गई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

## पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए

### भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सो में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी



भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे। किसानों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। बिजनौर, बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा।

### शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

### प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

**लखनऊ।** किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेद ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है।

## एक नजर

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने इसके पहले 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था।

### प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें आज शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। इस यात्रा को शुरू हुए 34 दिन हो चुके हैं। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी।

## जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

### मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।

### विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10 .15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

▸▸ सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

### प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

### तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

## टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस

▸▸ मुजफ्फरनगर से की गई गिरफ्तारी, चार टाइमर बोतल बम बरामद

▸▸ यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की टाइमर बम बनाने की जानकारी



**अमृत विचार :** एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर वह टाइमर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना पर आईबी और एटीएस की टीमों ने भी पूछताछ की। पता चला कि जावेद ऐसा बम पहले भी बना चुका है।

एसटीएफ के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर मुजफ्फरनगर के कोतवाली थानान्तर्गत मिमलाना रोड रामलीला टीला निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम एक बैग में रखे कैम्पस शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने मौके पर पहुंचकर बम को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद काली नदी पुल से न्याजूपुरा के जंगल में (सेफ डिस्पोजल एरिया) गए, जहाँ उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि यह चार बोतल बम, आईईडी है। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि है। यह बोतल बम आईईडी उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने बताया कि ग्लुकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। इमराना ने उसे बोतल बम तैयार करने के लिए 10 हजार रुपये पहले दिए थे तथा 40 हजार रुपये बाद में बम देते समय देने को कहा था। वह आज इन तैयार बोतल बम को इमराना को देने आया था।

बोतल बम आईईडी बनाने के बारे में जावेद ने पूछताछ में बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरशीं के यहां रहकर बारूद व बोतल बम (आईईडी) बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट के माध्यम से हासिल की थी। इन टाइमर बोतल बम (आईईडी) का कहां प्रयोग करना था इसके बारे में इमराना ही जानती है।

## बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन की गई जान

संवाददाता फतेहपुर

▸▸ चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने हादसा, ट्रक छोड़ भागा चालक

**अमृत विचार :** हुसैनगंज की तरफ से शहर आ रहे बाइक सवार तीन युवक शुक्रवार दोपहर हादसे का शिकार हो गए। बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने रौंद दिया, तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग निकला। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी।

राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी नीलू, रमऊ तिवारी और गाजीपुर के महमदपुर निवासी सुजीत यादव खेती करते थे। शुक्रवार को तीनों एक ही बाइक से बेरागढ़ीवा स्थित बाजार में भैंस देखने गए थे। जहां से वह शहर के लिए निकले थे। लखनऊ रोड स्थित चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने शहर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे गिरकर ट्रक के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में तीनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सीओ समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला, पुलिस ट्रक नंबर के जरिए मालिक और चालक की तलाश कर रही है।

## प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

**लखनऊ।** प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे।



▸▸ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के संस्थापक थे

लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनकी सांस उखड़ने लगी। परिवार के लोगों ने डॉक्टर से सम्पर्क किया लेकिन डॉक्टर के आने से पहले ही निधन हो गया।

उनके निधन की सूचना पाते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए रंगकर्मियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

## गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

**अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिंरजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

## अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**9 पीपीएस अफसरों का तबादला**

**अमृत विचार :** एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं।

शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही के पद पर भेजा गया है, वहीं राघवेंद्र सिंह प्रथम अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रवीन सिंह चौहान को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में नियुक्त दी गई, जबकि संजय कुमार, एएसपी यातायात गोरखपुर का जिम्मा संभालेंगे। विवेक त्रिपाठी को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ तथा रश्मि रानी को अपर पुलिस अधीक्षक अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मोनिका चड्ढा को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ में तैनाती मिली।

## पुलिस भर्ती परीक्षा : झांसी में साल्वर गैंग का पर्दाफाश, एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वाराणसी और आगरा में ठगी की कोशिश में जुटे चार पकड़े गए

**अमृत विचार :** शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने को जुटे गैंग का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोनू कुमार, शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। वहीं एक अन्य मामले में एसटीएफ ने परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनिक प्रश्नपत्र तैयार कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश में जुटे गैंग के दो सदस्यो को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उसका सरगना फरार हो गया। पकड़े गए ठगों में प्रिन्स कुशवाहा चंदौली का है, जबकि विजय कुमार मिर्जापुर जिले का रहने वाला हैं। एसटीएफ ने आगरा से भी दो ठगों को गिरफ्तार किया। इसमें करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, टिन्कू कुमार अलीगढ़ का निवासी है।

एसटीएफ के मुताबिक झांसी पुलिस लाइन के पास से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर बीए पास है। वह 2010 में इंटर पास करके नौसेना में भर्ती हुआ था। उसने ओडिशा (चिल्का) में ट्रेनिंग की थी। उसी दौरान छुटटी पर आया था फिर वापस नहीं गया था। उसके बाद से वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कराने हेतु एक लैब बनाकर धांधली करने लगा। शुक्रवार को उसका गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था।

वाराणसी में हुई गिरफ्तारी के बाबत एसटीएफ ने बताया कि परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने हेतु सक्रिय था। साथ ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनित प्रश्नपत्र तैयार किया था।

**संकट** 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

## ऋण लेकर लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3 .8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
>
> – **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

### बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

## खेल डायरी

### मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

### परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

### अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द.अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

### आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार



**बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमश: सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

# डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

## दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

**राजकोट, एजेंसी**

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**



रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ के तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े।

डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा।डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।



### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 445/10 (130.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट | 112 | 225 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 04 | 24 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान | 46 | 104 | 2/3 |
| रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान | 37 | 89 | 6/0 |
| जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड | 26 | 28 | 3/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 21 | 0/0 |

अतिरिक्त: 09, विकेट पतन: 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, गेंदबाजी: एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27 .5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 207/2 (35 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट नाबाद | 133 | 118 | 21/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट नाबाद | 09 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त: 11, विकेट पतन: 1-89, 2-182, गेंदबाजी: बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

## 500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

**राजकोट, एजेंसी**

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज भी हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। सैंतीस साल के अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517 विकेट) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। वर्ष 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया। किशोरावस्था में पीठ की चोट के कारण उन्हें स्पिन गेंदबाजी को अपनाना पड़ा। कुंबले और हरभजन सिंह के युग के बाद अश्विन से काफी उम्मीदें थीं और उन्होंने निराश नहीं किया। उन्होंने अपने शुरुआती 16 टेस्ट मैच में नौ बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए और सबसे तेज 300 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने छोटे प्रारूपों में भी अपनी योग्यता साबित की है। उन्होंने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट जबकि 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 72 विकेट लिए हैं।



## जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

**राजकोट।** भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

## घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

**राउरकेला, एजेंसी**



भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

## भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

### ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

**बीएटीसी**

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**





भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।


## बॉलीवुड हलचल

### 'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

### जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

### वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

### कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

**मुंबई, एजेंसी ।** जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

### शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान



**मुंबई, एजेंसी ।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

### शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मामा और भांजी की हुई मौत

## बहन और छोटी भांजी घायल, प्रयागराज रेफर

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटनाएं थम नहीं रहीं। एक और हादसे में युवक और उसकी भांजी की मौत हो गई। बहन और छोटी भांजी घायल हो गईं। हादसे से घरवालों का हाल बेहाल हो गया।

उद्घटा गांव निवासी विद्यासागर उर्फ रामसागर भारती ने बताया कि उसकी पत्नी ममता (21) रैपुरा थानांतर्गत कौबरा गांव मायके गई थी। गुरुवार देर शाम वह अपने भाई छोटू (22) पुत्र उमेश के साथ बाइक से गांव वापस आ रही थी। उसके साथ उसकी बेटी रिया भारती (5) और प्रिया (13 माह) भी थी। बोड़ी पोखरी-राजापुर मार्ग पर रमटेकवा बरहट के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे चारों छिटककर दूर जा गिरे। छोटू के पास मिले आधार कार्ड से इनकी शिनाख्त हुई और परिजनों को सूचित किया गया। चारों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां छोटू और रिया को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल ममता को सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से प्रयागराज रेफर किया गया। मासूम प्रिया को हल्की चोटें आईं। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया।

**होनहार था छोटू :** उमेश के चार पुत्रों में मंझला छोटू होनहार था। पूरे घर को उससे आशाएं थीं। परिजनों ने बताया कि उसकी रविवार को पुलिस भर्ती की परीक्षा भी थी। मानिकपुर में पढ़ रहा छोटू इसकी तैयारी में जीजान से जुटा था कि हादसे का शिकार हो गया।


जानकारी देते विद्यासागर। अमृत विचार


बेटे और नातिन की मौत से बेहाल उमेश।


छोटू।


रिया।

### होनहार बिटिया थी मेरी- विद्यासागर

पोस्टमार्टम में बिलखते विद्यासागर ने बताया कि रिया उसकी चांद सी बिटिया थी। होनहार थी और कुछ भी उससे पूछो बता देती थी। अक्सर कहती थी, पापा नया मोबाइल खरीदो, यह पुराना हो गया है और उसकी फोटो तक डिलीट कर देती थी। क्या पता था कि मोबाइल में उसकी फोटो ही यादें बन जाएंगी। उसने कहा कि उसकी बिटिया का जाना उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा कष्ट बन गया। विद्यासागर मेहनत मजदूरी करके परिवार का पेट पालता है।

### मैं का बिगारे रहेंओ- उमेश

युवा पुत्र के खोने का दुख उमेश सहन नहीं कर पा रहा था। पोस्टमार्टम हाउस में परिजन उसे समझा रहे थे। बेसुध उमेश ने कहा, मैं का बिगाड़े रहे हों, कौनो लायक नहीं रह गयों मैं। परिजन भी आपस में बात कर रहे थे, को जानी कौन साइत मां लड़का निकरा। छोटू के ताऊ के बेटे रितुराज उर्फ छोटा भइया ने बताया कि एक दिन पहले वह छोटू के साथ बुआ की बिटिया की शादी में गया था। पता नहीं था कि यह उसकी आखिरी मुलाकात होगी।

# गैंगेस्टर एक्ट में दोषी को दो वर्ष का कठोर कारावास

**चित्रकूट।** गैंगेस्टर एक्ट में दोषी युवक को अपर सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार वर्मा ने दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी। कोर्ट ने इसे पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना रैपुरा में पंजीकृत धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी प्रेम पासी पुत्र लखपत पासी निवासी देशाह मजरा गौरिया को कोर्ट ने सजा सुनाई। बताया कि आठ जुलाई 15 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रैपुरा शैल कुमार सिंह ने प्रेम पासी पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष पहाड़ी मनीष जाट ने की थी और 23 नवंबर 16 को आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।

# पूर्व सांसद ने सीएम को पत्र भेज कर दी घटना की जानकारी

चित्रकूट कार्यालय

- सीआईसी हादसे के जिम्मेदारों पर हो प्रभावी कार्रवाई- भैरों

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता भैरों प्रसाद मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर चित्रकूट इंटर कालेज में हुई दर्दनाक घटना की जानकारी दी है। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रभावी कार्रवाई करने और मृत बच्चों के परिजनों को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता देने का अनुरोध किया है।

सीएम को भेजे पत्र में पूर्व सांसद ने बताया है कि चित्रकूट इंटर कालेज मे पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 13 और 14 फरवरी को बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा था। इसमें हाई पावर की आतिशबाजी बाहर से मंगाई गई थी, जबकि इसका कोई औचित्य नहीं था और न ही इसकी सूचना प्रसारित की गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि इससे होने वाली दुर्घटना से बचाव के लिए कोई इंतजाम किए गए थे। ऐसे में कार्यक्रम के पूर्व ही संसाधनों में हुए भीषण धमाके से चार मासूम बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने आशंका जताई कि अगर सभी फट जाते तो पता नहीं जानमाल की कितनी क्षति होती।

भैरों प्रसाद ने यह भी आरोप लगाया कि महोत्सव में बुंदेली संस्कृति की झलक नाममात्र थी। सीएम से अनुरोध किया कि बस्ती के बीच में आतिशबाजी कार्यक्रम की योजना बनाने वाले जिम्मेदार पर्यटन अधिकारी और जिला प्रशासन के जिम्मेदारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। मृतक बच्चों के परिजनों को ज्यादा से ज्यादा सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए और घटना की प्रदेश स्तर की विशेष टीम से जांच कराई जाए।


भैरों प्रसाद मिश्र। अमृत विचार

# साख बचाए सरकार, डीएम को हटाए- दद्दू प्रसाद

चित्रकूट कार्यालय

- पूर्व मंत्री ने खोला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा

**अमृत विचार।** प्रदेश के पूर्व ग्राम्य विकास मंत्री दद्दू प्रसाद ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सीआईसी में हुई घटना की जिम्मेदारी जिलाधिकारी पर लगाते हुए सीएम से डीएम को हटाने की सलाह दी है, जिससे सरकार की साख बची रहे।

शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने आरोप लगाया कि डीएम ने बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में आतिशबाजी को लेकर एहतियाती प्रबंध नहीं किए। वैसे भी शासनादेश के अनुसार आतिशबाजी औचित्यपूर्ण नहीं है। सुरक्षा के चैकस इंतजाम होने चाहिए, जो डीएम की जिम्मेदारी है। आरोप लगाया कि डीएम जनता से संवाद नहीं करते। दूरियां बनाकर चलते हैं। कोई भी अधिकारी कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों में सरकार हादसे पर पचास-पचास लाख रुपये देती है, यहां पांच-पांच लाख रुपये देकर सरकार सौतेला बर्ताव कर रही है। डीएम ने दो मासूम छात्रों की मौत के बाद भी प्रयागराज रिफर करवा दिया कि वहां पोस्टमार्टम हो सके और यहां कोई आक्रोशित आंदोलित न हो सके। डीएम सत्ता पक्ष को क्षति पहुंचा रहे हैं। परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देना ऊंट के मुंह में जीरे की तरह है। कहा कि डीएम पर कार्रवाई न होने से सरकार की बाबत जनता में गलत संदेश जा रहा है। दद्दू प्रसाद ने मृतक बच्चों के परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया।


पत्रकारों से बातचीत करते दद्दू प्रसाद।

# किंजल और पुनीत ने बढ़ाया मान

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** दो होनहारों ने जिले का मान बढ़ाया है। लोगों ने दोनों बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं और बधाई दीं।

सांसद आरके सिंह पटेल की नातिन किंजल सिंह ने जेईई 2024 में 99.63 फीसदी अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। किंजल ने 12वीं की कक्षा में ही जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश स्तर पर अपना स्थान बनाया।


किंजल।


पुनीत।

रामनगर संवाददाता के अनुसार, ग्राम छीबों में शिक्षामित्र अनिल कुमार मिश्र के पुत्र पुनीत कुमार ने जेईई मेंस में 98 फीसदी अंक प्राप्त किया। डॉ. रविशंकर पांडेय पीसीएस, बृजनंजन ओझा श्रम प्रवर्तन अधिकारी, शिक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्रा, शिक्षक पुष्कर शुक्ला, शिक्षक कृष्णकांत पांडेय, डॉ. राजेंद्र पांडेय, हरी नारायण पांडेय पत्रकार, अखिलेश पांडेय जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, शिवशंकर चौधरी प्रधानाचार्य श्रीगोस्वामी इंटर कालेज छीबों, बालमुकुंड पांडेय पूर्व ब्लाक प्रमुख, अर्जुन शुक्ला सदस्य जिला पंचायत, सिद्धार्थ पांडेय पूर्व सदस्य जिला पंचायत आदि ने पुनीत बधाई दी।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण भी किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया। सभी टोलियों की ड्रिल देखी और सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को निर्देशित किया। बाद में उन्होंने विवेचकों के कामों की समीक्षा की। इस मौके पर सीओ राजकमल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खानापूर्ती के लिए छापेमारी का आरोप

**पहाड़ी ( चित्रकूट)।** विकास खंड मुख्यालय में गली गली कुकरमुत्ते की तरह अवैध क्लीनिक व पैथोलॉजी सेंटर खुले हैं, जो स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ में जुटे हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ती करने पहाड़ी पहुंचे। लोगों का कहना है कि ये उसी क्लीनिक में गए जो निर्माणाधीन है। जिन जगहों पर जाना था, वहां गए नहीं और कुछ जगहों पर तो संचालकों ने क्लीनिकन और सेंटर पहले से बंद किए, जैसे उनको पहले से पता रहा हो। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उदयप्रताप सिंह ने बताया कि अवैध क्लीनिक, नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पहाड़ी व क्षेत्र में संचालित अवैध क्लीनिकों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

# परिजनों को दिए पांच-पांच लाख के चेक

**चित्रकूट।** सीआईसी हादसे में मृत चारों मासूमों के परिजनों को गुरुवार देर शाम प्रशासन ने पांच-पांच लाख रुपये के चेक सौंपे। प्रशासन द्वारा गठित टीमों ने घरों में जाकर अहेतुक सहायता दी।

# पुलिस ने बच्ची को सकुशल परिजनों को सौंपा

**चित्रकूट।** बरगढ़ थाना पुलिस ने घर से नाराज होकर गई बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। 16 फरवरी को सेमरा गांव से 14 वर्षीया बालिका पिता के डांटने पर नाराज होकर रेलवे स्टेशन बरगढ़ की तरफ चली गई थी। अनहोनी के मद्देनजर प्लेटफार्म ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मी इसे समझा बुझाकर थाना परिसर लाए। महिला हेल्पडेस्क पर कांस्टेबिल समीक्षा यादव ने ग्राम प्रधान सेमरा के माध्यम से परिजनों को सूचित किया। थाने पहुंचकर बिटिया को परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी शिवम राजपूत शामिल रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा आज से, अफसरों ने देखी तैयारी

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा आज से शुरू होगी। परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण और शांतिपूर्वक संपन्न कराने की मंशा से शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने केंद्रों का मुआयना किया।

डीएम-एसपी ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर, शिवाजी इंटर कॉलेज चितरा गोकुलपुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, कालका देवी इंटर कॉलेज पुरवा तरौंहा, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी, पालेश्वर नाथ इंटर कॉलेज पहाड़ी एवं जयराम राही इंटर कॉलेज कर्वी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने केंद्रों में सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों से सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर कंट्रोल रूम, प्रश्नपत्र रखरखाव, कक्षाओं में प्रकाश, पेयजल, सफाई, फर्नीचर, सीटिंग प्लान, शौचालय आदि के बारे में पूछा।

डीएम ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों की अधिकारियों कर्मचारियों को अच्छी तरह से जानकारी दें परीक्षा के समय कोई समस्या न हो। डीएम, एसपी ने सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर में ब्रीफिंग के दौरान कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा आयोजन के संबंध में प्रश्न भी किए।

डीएम ने कहा कि परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सबका दायित्व है। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सतीश चंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- पुलिस भर्ती परीक्षा आज डीएम-एसपी ने दिए निर्देश


परीक्षा केंद्रों का मुआयना करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### 15 केंद्रों पर होगी भर्ती परीक्षा

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले में कुल 15 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक चलेगी। इसमें सात सेक्टर मजिस्ट्रेट और 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा तीन उड़नदस्ता टीमें भी बनाई गई हैं।

### पुलिस ने वांछित आरोपी को दबोचा

मानिकपुर (चित्रकूट)। एसएसआई रामवीर सिंह ने वांछित आरोपी राजेश कुमार द्विवेदी पुत्र शिवसागर निवासी वाल्मीकिनगर को गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में आरक्षी धीरेंद्र किशोर और लोकेंद्र सिंह शामिल रहे।

# बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृति में पक्षपात !

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं में असंतोष जारी है। अब शिक्षिकाओं ने बीएसए पर आरोप लगाया है कि उनको बाल्य देखभाल अवकाश देने में पक्षपात किया जा रहा है। उधर, इस संबंध में पक्ष जानने के लिए बीएसए लवप्रकाश यादव का मोबाइल पूर्व की भांति नहीं उठा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बीएसए कार्यालय में शिक्षकों के साथ पक्षपात की शिकायतें आ रही हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय भौंरी, मुर्का व खुंटहा की शिक्षिकाओं सहित अन्य कई शिक्षिकाओं ने बताया कि उनके बच्चों की बोर्ड की परीक्षा है। शासनादेश के अनुसार बच्चे की बीमारी या बोर्ड परीक्षा पर बाल्य देखभाल अवकाश देय है। इसलिए अवकाश के लिए आवेदन किया था पर आवेदन निरस्त कर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जबकि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी चित्रकूट द्वारा बच्चे की बोर्ड परीक्षा के आधार पर कई शिक्षिकाओं का बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत किया गया है। शिक्षिकाएं अवकाश स्वीकृत करने में भेदभाव से आहत हैं। जिनकी पहुंच है उनके आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। बताया कि कंपोजिट विद्याल लोढ़वारा में एक शिक्षिका का अवकाश स्वीकृत और अन्य शिक्षिकाओं का अस्वीकृत कर दिया। इस संबंध में यह बताना उचित होगा कि बीएसए से बात करने की कोशिश नाकाम रहती है। पूर्व की भांति इस बार भी उनका पक्ष जानने की कोशिश की पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

**लोग बोले** फिर शुरू हुआ अवैध खनन, जिम्मेदार अधिकारियों को चिंता नहीं

# हाल : खनन पट्टा चित्रकूट में खोदाई कौशांबी तक

हरी नारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अवैध खनन के रोक के लिए तमाम दावे किए जाते हैं लेकिन मौके पर घाट संचालकों के अजब-गजब हाल हैं। ग्रामीण शिकायत करते हैं कि पट्टा कहीं का हुआ और खनन कहीं और किया जा रहा है। यही हाल बरुआ घाट का है।

रुपौली गांव के गौरीदत्त त्रिपाठी बताते हैं कि इस संबंध में उन्होंने उप जिलाधिकारी राजापुर से लेकर उपजिलाधिकारी मंझनपुर (कौशांबी) को सूचित किया। बताया कि एसडीएम मंझनपुर ने कांफ्रेंस में खनन अधिकारी कौशांबी तक से दूरभाष पर ही बात कराई लेकिन कौशांबी प्रशासन ने यह कहकर अवैध खनन मानने से ही इंकार कर दिया कि कौन तय करेगा कि कौशांबी क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है पहले चित्रकूट प्रशासन सीमांकन सुनिश्चित करे।

जानकारी के मुताबिक, राजापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत यमुना नदी के बरुआ घाट पर बालू खनन का पट्टा है। आरोप है कि पट्टाधारक और उसके आदमी नदी के रास्ते खनन करते हुए तीरमऊ के रास्ते से ग्राम पंचायत रुपौली के घाट में नदी की बीच धारा में रायपुर, अब्बासपुर, हटवा, मंझनपुर, कौशांबी के क्षेत्र में अवैध खनन कर रहे हैं। ग्रामीण नाम छिपाते हुए कहते हैं, रात के अंधेरे की बात छोड़िए यहां तो दिन में ही पोकलैंड मशीन से खनन का काम जोरों पर हो रहा है। आरोप तो यहां तक है कि कौशांबी सीमा में घुसकर जलधारा रोक कर काफी क्षेत्र में अवैध खनन कर लिया गया है। अभी भी खनन लगातार जारी है।

रुपौली के पूर्व प्रधान बोधन तिवारी बताते हैं कि यहां अवैध खनन तो हो रहा है पर किसकी शह में हो रहा है, यह वह नहीं बता सकते। गनी भाई ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पिछले साल भी एसडीएम से शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।




इस तरह लग रहे हैं खनन के आरोप। अमृत विचार


गौरीदत्त त्रिपाठी।


प्रकाश ओझा।


नागेंद्र मिश्रा।


पप्पू त्रिपाठी।

### पहले भी होता था अवैध खनन

**गौरीदत्त त्रिपाठी** ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें फर्जी रिपोर्ट लगा कर शिकायत को निराधार करार दिया गया। पर एसडीएम राजापुर के निर्देश पर खनिज अधिकारी मौके पर जरूर पहुंचे थे और बरुआ तीरमऊ घाट पर चल रही एक पोकलैंड मशीन को सीज कर दिया था। आरोप लगाया कि फिर से खनन माफिया सक्रिय रूप में जुट गए हैं, जो नदी का सीना चीरकर भारी भरकम पोकलैंड मशीनों से मंझनपुर कौशाम्बी की तरफ अवैध खनन कर रहे हैं शिकायत दर्ज कराने के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### सड़क मार्ग भी हो रहा क्षतिग्रस्त

इस अवैध खनन से बालू भरे ट्रकों की आवाजाही बरुआ मार्ग पर रात दिन रहती है। इससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब विगत कई वर्षों से यहां घाट संचालन किया जा रहा है तो फिर सड़क मार्ग का ध्यान क्यों नहीं दिया जाता है। इसी इकलौते मार्ग से कई गांव के लोगों का आना जाना रहता है।

> दोनों जगहों के एसडीएम को अगर शिकायत मिली है तो प्रशासन कार्रवाई करेगा। दोनों अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर जांच के बाद जो निर्देश देंगे, उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –सुधाकर सिंह, खनिज अधिकारी

### शिकायत मिली थी : एसडीएम

एसडीएम मंझनपुर कौशांबी से इस संबंध में बात हुई तो उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने फोन किया था। कांफ्रेंस में लेकर खनन अधिकारी से बात कराई गई थी। उन्हें बताया जा चुका है कि चित्रकूट प्रशासन पहले सीमांकन कराए। यदि कौशांबी क्षेत्र में खनन होता है तो एसडीएम राजापुर रिपोर्ट कौशांबी भेजें फिर देखा जाएगा। एसडीएम राजापुर प्रमोद झा से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल पर संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

### अनदेखी से आक्रोश

समाजसेवी और पत्रकार **प्रकाश ओझा** ने कहा कि कोई माने या न माने लेकिन यह सौ फीसदी सत्य है कि अवैध खनन पर जिम्मेदारों की मौन सहमति है। रेत माफिया नियमों का उलंघन करते हुए अपने सीमांकन के बाहर जाकर खनन कर रहे हैं।

रूपौली निवासी **नागेंद्र मिश्रा** ने बताया कि अवैध खनन की सूचना प्रशासन को लगातार दी जाती है लेकिन इनकी गतिविधियों पर नियंत्रण कभी नहीं हो सका है जो दुर्भाग्यपूर्ण है, विगत कई वर्षों से यहां हम लोग खनन माफिया की करतूतों को देख रहे हैं।

**पप्पू त्रिपाठी** ने आक्रोश जताया कि घाट पर हो रहे खनन से गांव की सड़कों की दुर्दशा है लेकिन प्रशासन द्वारा न तो अवैध खनन पर अंकुश लगाने की कवायद हुई और न बरुआ मार्ग बनवाने की। प्रत्येक बारिश में खेतों की ओर लगातार कटान बढ़ी है।



## ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

**निविदा**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू में मनरेगा योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक :– 17/2/2024 से 20/2/2024तक**

| क्र0सं0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामसिंह के घर से चौबा आरख के घर तक इंटर लॉकिंग निर्माण | 573459 | 11450 | 500 |
| 2 | ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू स्थित गौशाला में टीन शेड निर्माण | 855103 | 17000 | 500 |
| 3 | झुल्लू पुत्र लाला काऊशेड निर्माण | 133881 | 2650 | 500 |
| 4 | शिवप्रसाद पुत्र लखन का काऊशेड निर्माण | 128781 | 2450 | 500 |
| 5 | रामप्रसाद पुत्र सरजो का काऊशेड निर्माण | 133081 | 2650 | 500 |
| 6 | जगदीश पुत्र सूरजदीन का बकरीशेड निर्माण | 142951 | 2850 | 500 |
| 7 | विनोद पुत्र रामराज का बकरीशेड निर्माण | 143531 | 2850 | 500 |
| 8 | दिनेश पुत्र रामचंद्र का बकरीशेड निर्माण | 142551 | 2850 | 500 |
| 9 | द्वारिका पुत्र गयादीन का बकरीशेड निर्माण | 142551 | 2850 | 500 |
| 10 | सुरतिया पत्नी रामबली का बकरीशेड निर्माण | 142551 | 2850 | 500 |
| 11 | अर्चना पत्नी सुकरु का बकरीशेड निर्माण | 140751 | 2810 | 500 |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू**
**विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू**
**विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

# दो अभियुक्तों की 71 लाख 75 हजार की अवैध संपत्ति जब्त

## न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** जनपद में अपराधियों और माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में लगातार ऐसे लोगों की संपत्ति कुर्क की जा रही, जिन्होंने अवैध रूप से संपत्ति अर्जित कर रखी है। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गुरुवार को बांदा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के 2 अभियुक्तों की अवैध रूप से अर्जित की गई करीब 71 लाख 75 हजार 300 रुपये की सम्पत्ति को जब्त कर लिया।

थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम करतल के रहने वाले अभियुक्तों प्रमोद निषाद पुत्र कल्लू निषाद तथा केशव यादव पुत्र कल्लू यादव ने आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रूप से अर्जित की गई कुल 71 लाख 75 हजार 300 रुपये की अवैध सम्पत्ति को जब्त किया।



अभियुक्त के यहां कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस। अमृत विचार

अभियुक्त प्रमोद निषाद पुत्र कल्लू निषाद व केशव यादव पुत्र कल्लू यादव के ऊपर गैंगस्टर एक्ट, हत्या तथा अपहरण समेत कुल तीन-तीन अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तों पर समाजविरोधी क्रियाकलाप करने तथा समाज में भय व्याप्त कर अवैध रुप से संपत्ति अर्जित करने के संबंध में थाना नरैनी पर धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना प्रभारी थाना कालिंजर ऋषिदेव सिंह द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में अभियुक्तों के आपराधिक कृत्यों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई सम्पत्ति की पहचान कर कुर्की के लिए न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी गई थी। अभियुक्त प्रमोद निषाद पुत्र कल्लू निषाद की जब्त अचल सम्पत्ति में 11 लाख 50 हजार रुपये कीमत का एक मकान है, जबकि अभियुक्त केशव यादव पुत्र कल्लू यादव की जब्त अचल सम्पत्ति में 60 लाख 25 हजार 300 रुपये कीमत का मकान है। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट ने 30 दिसंबर को प्रमोद निषाद पुत्र कल्लू निषाद और 18 जनवरी को केशव यादव पुत्र कल्लू यादव की अवैध संपत्ति की कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए थे। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की 14 (1) के तहत कार्रवाई करते गुरुवार को अभियुक्त प्रमोद निषाद पुत्र कल्लू निषाद व केशव यादव पुत्र कल्लू यादव द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई करीब 71 लाख 75 हजार 300 रुपये की सम्पत्ति को जब्त कर लिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी नरैनी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, प्रभारी थाना कालिंजर ऋषिदेव सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा, बाइक आमने-सामने भिड़े, चार घायल

**नरैनी (बांदा):** ई-रिक्शा व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें ऑटो की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के भड़ेहा गांव निवासी राजेश (30) पुत्र रामआसरे, चाचा के लड़के बेटा (29) पुत्र रज्जी अपनी बाइक से अपने चाचा साहबदीन के यहां पड़मई गांव से वापस होकर अपने गांव जा रहे थे, तभी भवई मोड़ के पास कस्बे से सीमेंट लादकर पिपरहरी जा रहे ई-रिक्शा से भिड़ंत हो गई, जिससे रिक्शे में सवार रिक्शा मालिक रामबली (25) निवासी ग्राम पिपरहरी, ई-रिक्शा चालक मोहनलाल यादव (28) निवासी ग्राम कछियापुरवा अंश पिपरहरी समेत चारों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया। राजेश, बेटा व मोहनलाल यादव की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# ओलावृष्टि से तबाह किसान ने फंदा लगाकर किया खुदकुशी का प्रयास

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

- आसपास के किसानों ने फंदा काटकर नीचे उतारा
- बरुआ कलिंजर निवासी किसान तनाव में था

**अमृत विचार:** अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के चलते तबाह हुए किसानों को गहरा सदमा लगा है। फसल बर्बाद होने के चलते किसान आत्मघाती कदम उठाने लगे हैं। बरुआ कालिंजर गांव में बारिश और ओला से फसल बर्बाद होने पर किसान ने फांसी लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया। पास के खेतों में मौजूद किसानों ने उसकी जान बचाई।

सोमवार की देर रात हुई तेज वर्षा व भीषण ओलावृष्टि के कारण क्षेत्र के कई गांवों में किसानों की फसलों का बड़ा नुकसान हुआ है। क्षेत्र के बरियारपुर, बरुआ कालिंजर, सढ़ा और बदौसा सानी गांवों की खेती बाड़ी पूरी तरह से चैपट हो गई है। किसानों को उनके बीज लौटने की भी उम्मीद नहीं बची है। बरुआ कालिंजर गांव निवासी चुनबाद उर्फ लड़कू (55) ने शुक्रवार को सुबह फसल बर्बाद होने पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। इसी बीच आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों की निगाह पड़ी तो फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। पड़ोसी किसान दुष्यंत और अवध बिहारी समझा-बुझाकर उसे उसके घर ले आए। किसान के परिजनों ने बताया कि 13 बीघा जमीन में कर्ज लेकर खाद, बीज जुताई, बुआई और सिंचाई आदि में 60 हजार रुपए से अधिक की लागत लगी है। इसमें दो से तीन लाख रुपए की फसल पैदा होने का अनुमान था। छोटी पुत्री की शादी 21 अप्रैल को होना। खेती के अलावा आमदनी का दूसरा कोई जरिया नहीं है। किसान ने फसल बर्बाद होने के सदमे में फांसी लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया।

### किसानों ने डीएम से लगाई मुआवजे की गुहार

ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित नरैनी तहसील क्षेत्र के ग्राम बरियारपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर राहत की गुहार लगाई। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि ओलावृष्टि से गांव के लगभग सभी किसानों की चना, मटर, गेहूं व सरसो की फसलें बुरी तरह से नष्ट हो गई हैं। जिसका आंकलन कराकर पीड़ित सभी किसानों को फसल क्षति का मुआवजा दिलाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में किसान शिवचंद्र, स्वामीदीन, श्यामलाल पटेल, छोटेलाल, नत्थू सिंह पटेल, रमेश पटेल, रामबिहारी यादव, जयराम, राजेश पटेल, रामप्रताप, अनिल, विनोद आदि शामिल रहे।

### डीएम ने टीम गठित कर दिए सर्वे के निर्देश

डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल द्वारा अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों के हित में दिए गए निर्देश के तहत शुक्रवार को नरैनी तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी तथा बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ तहसील सभागार में बैठक की और ग्रामवार लेखपाल, कृषि विभाग के कर्मचारियों, बीमा कंपनी के कर्मियों की संयुक्त टीम गठित कर ओलावृष्टि प्रभावित गांव का सर्वे दो दिन के भीतर करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित किसानों को फसल क्षति की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जा सके। नरैनी तहसील क्षेत्र के सर्वाधिक बरियारपुर, बरुआ कालिंजर, बदौसा सानी, परशहार, गढ़ा एवं पिपरा आदि गांव शामिल है।

## एक नजर

### बेंदाघाट पुल पर चलेंगे हल्के वाहन, मिली मंजूरी

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-232 रायबरेली-बांदा खंड में जनपद फतेहपुर व बांदा के मध्य यमुना नदी में स्थित पुल को मरम्मत के लिए तकरीबन पांच माह तक बंद रखा गया है। उन्होंने बताया कि सीआरआरआई नई दिल्ली की टीम द्वारा दिये गए सुझावों को ध्यान में रखते हुए इस पुल को शुक्रवार से छोटे वाहनों के लिए खोला जा रहा है।

### मंगलवार को आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बांदा:** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा और 19 फरवरी को ग्राउंड मेकिंग सेरेमनी के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए आगामी संपूर्ण समाधान दिवस, 20 फरवरी को जनपद की सभी तहसीलों में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में होगा। उन्होंने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आएं।

# 'आज मेरे राम की शादी है...'

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- भजन पर थिरके रामलीला के दर्शक
- चंदवारा गांव में राम कलेवा लीला का हुआ आयोजन

**अमृत विचार:** चंदवारा गांव में आयोजित रामलीला में भगवान राम और सीता के विवाह और राम कलेवा की लीला का मंचन हुआ। दर्शकों और राम भक्तों ने जयश्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाए। व्यासपीठ से जब 'आज मेरे राम की शादी है' भजन पेश किया गया तो दर्शक अपनी जगह उठकर थिरकने लगे।

तहसील अन्तर्गत चंदवारा गांव की वैदेही वाटिका में आयोजित 150 वर्ष पुरानी रामलीला के राम कलेवा में स्थानीय कलाकारों के अलावा बाहरी जनपदों से आए कलाकारों ने अपने वाद्ययंत्रों से रामलीला प्रेमियों को आकर्षित किया। प्रख्यात गायक कलाकार सागर सिंह भदौरिया ने 'आज मेरे राम की शादी है', 'आज यह धन्य धन हो गया' तथा 'कुछ शहद घोल दो प्यार से बोल दो' गीत प्रस्तुत किया तो दर्शकों ने तालियां बजाकर जयश्रीराम के जयकारे



वैदेही वाटिका में आयोजित रामलीला भजन प्रस्तुत करते गायक कलाकार।

लगाए। गायक कलाकार धर्मेंद्र सिंह ने 'तन तुम्हारा अगर राधिका बन सके' गीत प्रस्तुत किया वहीं गायक कलाकार रवि शुक्ल गौरी खुर्द ने 'राम का नाम लेकर के मर जाएंगे, वो अमर नाम दुनिया में कर जाएंगे' पेश किया, जिसे सभी ने सराहा। बता दें कि स्वामी मधुसूदन दास द्वारा चंदवारा गांव में स्थित वैदेही वाटिका में रामलीला की नींव डाली गई थी। कार्यक्रम में मृदंग पर विजय सिंह, नाल पर प्रभात सिंह और तबले पर अनिल सिंह ने बेहतरीन संगत दी। राम कलेवा कार्यक्रम में पहुंचे एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्र और तहसीलदार पैलानी विकास पांडेय को ग्राम प्रधान चंदवारा अरविंद सिंह गौतम ने सीताराम पट्टिका व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# मायके आई गर्भवती युवती ने पेड़ पर फंदा लगाकर खुदकुशी की

संवाददाता, पैलानी (बांदा)

- पैलानी के कुकुआखास गांव का मामला
- दोपहर बाद घर से लापता हो गई थी युवती

**अमृत विचार:** मायके आई गर्भवती युवती ने नदी किनारे लगे बबूल के पेड़ पर साड़ी से फंदा लगाकर खुकदुशी कर ली। वह दोपहर बाद घर से लापता हो गई थी। खोजबीन करते हुए मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

थाना क्षेत्र के सिंधनकलां के मजरा पांडवन डेरा निवासी सुमन (22) पत्नी रामलखन गर्भवती थी। गुरुवार की दोपहर सास और देवर सुमन को उसके मायके कुकुआखास छोड़ गए थे। कुछ देर बाद सुमन अपने घर वालों की निगाह बचाकर घर से निकल गई। घर से करीब पांच सौ मीटर दूर नदी किनारे लगे बाबूल के पेड़ पर उसने साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। देर शाम तक जब सुमन अपने घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। देर शाम नदी किनारे पहुंचे बड़े भाई चंद्रबली ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतका के भाई चंद्रबली ने बताया कि सुमन की पहली शादी खप्टिहाकलां के सिमरन डेरा निवासी बड़कू के साथ हुई थी। दो साल पहले दुर्घटना में बड़कू की मौत हो गई थी। इसके बाद 2022 में सुमन की दूसरी शादी हुई।

## सार-संक्षेप



वसंतोत्सव मनातीं महिलाएं। अमृत विचार

### महिला हार्पर क्लब ने मौज मस्ती के साथ मनाया वसंतोत्सव

**बांदा:** महिला हार्पर क्लब की महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों और मौजमस्ती के बीच वसंत उत्सव मनाया। साथ ही महिलाओं ने बसंत का महत्व बताया। कहा कि वसंत ऋतु परिवर्तन का संकेत है। शिक्षा की देवी सरस्वती के पूजन का दिन भी माना जाता है। हार्पर क्लब में महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों और मौज-मस्ती के बीच वसंतोत्सव धूमधाम से मनाया। आयोजित जश्न में नृत्य, संगीत, काव्य पाठ की धूम रही। महिलाओं ने एकल और सामूहिक आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। बसंत गीत भी सुनाए। कहा कि वसंत ऋतु की अनुभूति अनुपम है। वसंत हर हृदय को प्रफुलित करती है और सुमधुर उमंग आल्हाद से भर देती है। इस मौके पर एसीजेएम वरुणा, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) विनी लियान, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू समेत महिला हार्पर क्लब सचिव डा.सीमा सिंह, उप सचिव आराधना शर्मा, उपाध्यक्ष शमीम बानों, कोषाध्यक्ष मंजू ओमर, रितु गुप्ता, मंजूषा सिंह, विनोद जैन, नीलम रूपौलिहा, सुमन, अंजू, मीरा, सुनीता मंजरी, नीलम वंदना, पूजा गुप्ता, अनुपम, नीता, रूपा, राखी, लक्ष्मी आकांक्षा आदि उपस्थित रहीं।



खंड शिक्षा अधिकारी के साथ शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### रोशनी बनी वूमेन टीचर्स एसोसिएशन अध्यक्ष व रंजना महामंत्री

**नरैनी (बांदा):** वूमेन टीचर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्ष सुधा सिंह राजपूत की अध्यक्षता में स्थानीय स्तर पर आयोजित बैठक के दौरान नरैनी ब्लाक इकाई का सर्व सम्मत से गठन किया गया। इसमें शिक्षिका रोशनी देवी को ब्लाक अध्यक्ष व रंजना सिंह को महामंत्री मनोनीत किया गया। नवगठित कमेटी पदाधिकारियों ने खंड शिक्षाधिकारी से मुलाकात करते हुए शिक्षिकाओं की समस्याओं से अवगत कराया। वूमेन टीचर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की जिलाध्यक्ष सुधा सिंह राजपूत की अध्यक्षता में स्थानीय स्तर पर आयोजित बैठक में सर्व सम्मत से संगठन की नरैनी ब्लाक इकाई का गठन किया गया। जिसमें रोशनी देवी अध्यक्ष, नीलम त्रिपाठी मीडिया प्रभारी, रजनी मिश्रा, ममता देवी कुशवाहा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपमाला सोनी, विद्या पटेल, अंजुम, डॉ.किरन सोनी, भाग्यवती चैरसिया, सुधा कुशवाहा को उपाध्यक्ष, रंजना सिंह महामंत्री, ममता गुप्ता संगठन मंत्री, अपेक्षा सावंत को मंत्री, मीरा वर्मा कोषाध्यक्ष को नियुक्त किया गया है। ब्लाक शिक्षक संघ की जिला इकाई की अध्यक्ष रोशनी देवी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने खंड शिक्षाधिकारी रवींद्र कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें शिक्षिकाओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण की मांग की। इस दौरान सुंदरी यादव, विशना देवी, नीता शिवहरे, शशि त्रिपाठी व ऊषा यादव आदि शिक्षिकाएं भी शामिल रहीं।

### सुदामा चरित्र सुनकर कथा प्रेमियों के छलके प्रेमाश्रु

**पैलानी (बांदा):** सोनामऊ गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक ने सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा का वर्णन किया। कथा का रसपान करते हुए कथा प्रेमियों की आंखों से प्रेमाश्रु छलक पड़े। तहसील अन्तर्गत सोनामऊ गांव में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पं.अवनीश मिश्र ने पांचवें दिन की कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा की पत्नी सुशीला ने एक पोटली में चावल देकर कहा कि आपको अपने मित्र कन्हैया को भेंट स्वरूप देना है। जब सुदामा द्वारकाधीश के यहां पहुंचे तो द्वारपालों ने कन्हैया से कहा कि फटी धोती पहने एक ब्राह्मण आया है, जो अपना नाम सुदामा बता रहा है। अपने मित्र सुदामा का नाम सुनते ही श्रीकृष्ण नंगे पैर सुदामा-सुदामा कहकर दौड़ पड़े और मित्र को गले लगा लिया। सुदामा के हाथ पोटली देखते ही श्रीकृष्ण ने उसे खींच लिया। एक मुट्ठी चावल अपने मुंह में डालकर सुदामा को एक लोक दे दिया। दूसरी मुट्ठी चावल खाकर दूसरा लोक दे दिया। तीसरी मुट्ठी चावल खाने को कन्हैया ने मुट्ठी बांधकर मुंह खोला तभी लक्ष्मी ने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि यदि आपने तीसरा लोक भी सुदामा को दे दिया तो हम लोग कहां रहेंगे। श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे एसडीएम पैलानी शशिभूषण मिश्र और तहसीलदार पैलानी विकास पांडेय को कथावाचक ने राधे-श्याम पट्टिका पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं सभी ने श्रीकृष्ण और राधा की झांकी का दर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश वाजपेई, राजू साहू, रमेश पांडेय, अतुल सिंह के अलावा पूर्व विधायक दलजीत सिंह के प्रतिनिधि नंदू सिंह भी मौजूद रहे।



कथा सुनाते पं.अवनीश मिश्र।

### युवक को बंधक बनाकर लूट, पुलिस बोली झूठी है घटना

**बांदा:** बाइक से जा रहे युवक को दो बाइकों में आए चार लोगों ने बंधक बनाकर पीटा और लूट पाट की। राहगीरों ने उसे बंधनमुक्त करवाया। मर्का थाना क्षेत्र के मऊ गांव के मजरा पांडेयन पुरवा निवासी रामप्रकाश पुत्र नवल किशोर छह दिन पहले बाइक से मऊ जा रहा था तभी रास्ते बसऊ पुरवा के पास पीछे से दो बाइक में सवार हो कर आए चार लोगों ने लात मार कर उसे बाइक से गिरा दिया। उसके आखों में पट्टी बांध दिया।



प्रशिक्षणार्थियों से जानकारी साझा करती प्रशिक्षक। अमृत विचार

## पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें

**नरैनी (बांदा):** उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालयों की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ने शुभारंभ किया। मनोयोग से प्रशिक्षण लेने को प्रेरित किया।

स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर एक्टिविटी के अंतर्गत पावर संजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालयों की तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रवींद्र कुमार वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षक अधिकारी ने ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रतिदिन समय से आकर पूर्ण मनोयोग से अपनी सहभागिता प्रदान करें। प्रशिक्षण में दी गई जानकारी का अनुपालन करें। प्रशिक्षकअर्चना द्विवेदी व रंजना सिंह ने प्रशिक्षण विषय के विभिन्न तत्यात्मक व क्रियात्मक जानकारी प्रशिक्षणरत साथियों के साथ साझा कर उनसे परस्पर संवाद उपस्थित किया। प्रशिक्षण में ब्लॉक क्षेत्र के 13 संकुलों के विभिन्न उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों से एक-एक शिक्षक शिक्षिका प्रतिभाग किया।

# 'जिंदगी की खिड़कियां' पुस्तक की धूम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बांदा की लेखिका श्रद्धा निगम की आत्मकथा पर आधारित है पुस्तक का विषय-वस्तु
- केदार न्यास समिति के तत्वावधान में दिल्ली के प्रगति मैदान में हुआ लोकार्पण
- विश्व पुस्तक मेले में किताब की मांग, हर किसी ने हाथों हाथ लिया

**अमृत विचार:** कभी पिछड़ेपन का दंश झेल रहे बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रतिभाओं की कभी कमी नहीं रही, हालांकि बुंदेली प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच कम ही प्राप्त हुए हैं। लेकिन जब भी मौका मिला यहां के लोगों ने अपनी प्रतिभा का दम समूचे देश को दिखाने का काम किया है। ऐसी एक प्रतिभा शहर की रहने वाली साहित्यकार श्रद्धा निगम भी हैं, जिन्होंने जिंदगी की खिड़कियां शीर्षक पुस्तक के जरिए लेखन क्षमता का प्रदर्शन किया है और उनकी पहली ही पुस्तक ने दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में स्थान पाकर दुनिया में नाम कमाने का काम किया है।

दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेला के दौरान दुनिया भर के लेखकों



'जिंदगी की खिड़कियां' पुस्तक का विमोचन करते नरेंद्र पुंडरीक। अमृत विचार

और साहित्यकारों के बीच बांदा के स्वराज कालोनी में नृत्य कला केंद्र की संचालिका श्रद्धा निगम ने अपनी लेखन क्षमता का हुनर दिखाया है। शुक्रवार को लिटिल बर्ड पब्लिकेशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित उनकी आत्मकथात्मक शैली की पहली पुस्तक जीवन की खिड़कियां का भव्य लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम में केदार न्यास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पुंडरीक, आकांक्षा बरनवाल, उमा पटेल, अनिल बक्शी, वाजिदा खान, कुसुमलता सिंह आदि की उपस्थिति प्रमुख रही। पुस्तक की भूमिका डा.शशिभूषण मिश्र और आवरण नरेंद्र पुंडरीक ने लिखा है। लेखिका श्रद्धा निगम बताती हैं कि पुस्तक महिलाओं के जीवन संघर्ष से प्रेरित है। बताती हैं कि पुस्तक में आत्मकथा के माध्यम से उन्होंने पति के असमय निधन के बाद नारी शक्ति को संभलने और अपनी एक नई पहचान स्थापित करने की प्रेरणा देने का प्रयास किया है।

**पहल** विधायक निधि और पर्यटन विभाग के सहयोग से कलिंजर दुर्ग में होगा प्रतिमा का निर्माण

# दुर्ग में स्थापित होगी महारानी दुर्गावती की प्रतिमा

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक की पहल पर वीरांगना महारानी दुर्गावती की जन्मस्थली कालिंजर दुर्ग में प्रतिमा बनाने की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। प्रतिमा निर्माण की आधी धनराशि मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना अंतर्गत पर्यटन विभाग प्रदान करेगा और आधी धनराशि विधायक निधि से प्रदत्त की जाएगी। इस सूचना से क्षेत्र में खुशी की लहर है।



क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा।

देश की वीरांगना महारानी दुर्गावती का जन्म ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व के कालिंजर दुर्ग में 5 अक्टूबर 1524 को राजा कीर्ति सिंह चंदेल के घर नवरात्रि की अष्टमी को हुआ था। इसी वजह से उनका नाम दुर्गावती रखा गया था। रानी का विवाह गोंडवान राज्य के राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह के साथ हुआ था। 4 वर्ष बाद ही पति की मृत्यु के बाद इन्होंने अपने 3 वर्ष के पुत्र नारायण को गद्दी में बैठाकर 16 वर्षों तक शासन किया, जिनके शौर्य व पराक्रम से कई बार मुगल सेना को हार का सामना करना पड़ा। 1564 में महारानी दुर्गावती ने अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने विगत 19 दिसंबर को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि महारानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना अंतर्गत प्रतिमा स्थापित करने के लिए निर्माण कार्य में व्यय होने वाली धनराशि के आधे हिस्से की अपनी निधि से स्वीकृति प्रदान करती हैं। जिसके क्रम में बुधवार को पर्यटन विभाग के अनुभागीय सचिव संजीव कुमार श्रीवास्तव ने पर्यटन विभाग के महानिदेशक को पत्र जारी कर प्रतिमा निर्माण के लिए आधी धनराशि 9 लाख 80 हजार की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति की सूचना जारी की है। प्रथम किश्त के रूप में 7 लाख रुपये पर्यटन विभाग तथा 7 लाख रुपये विधायक निधि से दिए जाएंगे। महान वीरांगना की स्मृति में उनकी जन्मस्थली पर सरकार द्वारा प्रतिमा तैयार कराये जाने की स्वीकृति से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# डीजे बजा रहे युवक की करंट से मौत, रात भर वाहन में पड़ा रहा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बदौसा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव का मामला
- कार्यक्रम में डीजे बजाने गया था युवक

**अमृत विचार:** एक कार्यक्रम में डीजे बजाने गया युवक हाईटेंशन लाइन की करंट के चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी छोटू (22) पुत्र मोतीलाल गुरुवार की रात बदौसा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव बाबू यादव के घर एक कार्यक्रम में डीजे बजाने गया था। रात को डीजे से लदा लोडर टेंट के नीचे खड़ा था। ओस पड़ने से इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो रहा था। सामान को बचाने के लिए छोटू डीजे में पन्नी डाल रहा था, तभी ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर झुलस गया। वह रात भर डीजे वाहन में पड़ा रहा। सुबह साथी लवलेश ने देखा तो उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि छोटू तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

## एक नजर

### युवती को ले गया शादीशुदा युवक, अपहरण की रिपोर्ट

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा युवक गांव की एक युवती को ले गया। परिजनों ने काफी तलाशने के बाद भी युवती का पता नहीं चला। पिता ने कोतवाली में आरोपी युवक के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव का महेंद्र पुत्र श्याम करन उसकी पुत्री को ले गया। बताया कि महेंद्र शादीशुदा युवक है। युवती के गायब होने पर परिजनों में हड़कंप मचा हुआ था। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि अपहरण का मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक और युवती की तलाश की जा रही है।

### उधार शराब न देने पर युवक ने सेल्समैन को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** उधार शराब मांगने पर सेल्समैन के मना करने से नाराज़ आरोपी ने उसकी जमकर पीटाई की। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जलालपुर थाने के बिलगांव निवासी लवकुश यादव पुत्र कुंवर बहादुर ने बताया कि वह गांव स्थित देशी शराब ठेका में सेल्समैन का काम करता है। बताया ठेके में गांव का दृगपाल पुत्र वासुदेव आया और उससे उधार शराब की मांग करने लगा। जब उधार देने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### घर के पास बैठे युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के सिकरौधा गांव में घर के पास बैठे युवक के साथ बेवजह गाली गलौज कर मारपीट की गई। युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बबलू पुत्र देशराज ने बताया कि वह अपने घर के पास बैठा हुआ था। उसी दौरान पड़ोसी कालू व उसका साथी उसके पास आकर बेवजह उसे गालियां देने लगे। बताया कि गाली गलौज करने का विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जमकर पीटा।

### सार्वजनिक मंदिर में अवैध निर्माण रोकने की मांग

**हमीरपुर।** शहर के कजियाना मोहल्ला निवासी पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर सार्वजनिक मंदिर में हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रोके जाने की मांग की है। प्रकाश सिंह ने बताया कि उसके मकान के बगल में राम जानकी मंदिर है। 31 मार्च 2015 को पालिका अभिलेखों से वंश गोपाल गुप्ता व बृजगोपाल गुप्ता आदि के नाम निरस्त किए जा चुके हैं। जबकि रामचंद्र महाराज मंदिर परिसर में अवैध निर्माण कर मकान का रूप दिया रहा है। उसके मकान की दीवार को क्षतिग्रस्त कर पीछे शौचालय बनाया गया है। पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

### एसबीआई का राउटर खराब करोड़ों का लेनदेन ठप

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे की भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा का राउटर खराब होने से सारा दिन बैंक का काम काज ठप रहा। बैंक की नेटवर्किंग से संबंधित सभी सेवाएं ठप होने से करोड़ों का लेनदेन ठप हो गया। ग्राहक सारा दिन बैंक के चक्कर काटते रही। राउटर के खराब होने से एटीएम और सीडीएम मशीन भी ठप रहीं। गौरतलब है कि शुक्रवार की सुबह कस्बे की भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा का राउटर अचानक खराब हो गया।

### खेत की मेड़ पर खड़े ट्रैक्टर की बैट्री चोरी

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव में खेत की मेड़ पर खड़े ट्रैक्टर की बैट्री चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। बैरागी ने बताया कि खेत की मेड़ पर उसका ट्रैक्टर खड़ा था। रात में चोर उसकी बैट्री चोरी कर ले गए।

# बनेगा रपटा, आवागमन होगा बहुत आसान

## विधायक की पहल से 282.49 लाख रुपयों की लागत से चंद्रावल नदी पर बनेगा रपटा

अमृत विचार विशेष

**282** लाख रुपये शासन की ने स्वीकृत किए

**100** मीटर रपटा निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में बीहड़ के किसवाही सहित अन्यों गांवों की आबादी को चंद्रावल नदी में रपटा बनाए जाने की मांग शीघ्र पूरी होगी। ग्रामीणों की मांग पर सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति की ओर से हुए प्रयासों में सफलता मिली है। चंद्रावल नदी पर किसवाही गांव में 282.49 लाख की लागत से 100 मीटर रपटा निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। इस निर्माण कार्य के लिए शासन ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से बजट जारी किया है।

पिछले साल जनवरी माह में मौदहा तहसील के किसवाही गांव निवासी गर्भवती दुर्गेश पत्नी रामकरन कुशवाहा को प्रसव पीड़ा होने पर हास्पिटल से एक एंबुलेंस भेजी गई थी। जो प्रसूता और उसके परिजनों को लेकर जैसे ही चंद्रावल नदी पार करने के लिए आगे बढ़ी। तभी ये एंबुलेंस गहरे पानी में फंस गई थी। एंबुलेंस स्टाफ और परिजन डर के मारे कांप उठे थे। कई घंटे बाद दूसरी एंबुलेंस की मदद से प्रसूता को भेजा जा सका था। जबकि एंबुलेंस पूरी रात नदी में ही फंसी रही थी। वहीं सिसोलर क्षेत्र के बैजेमऊ, गढ़ा, किसवाही और परेहटा सहित तमाम गांवों के लोगों को हमीरपुर और मौदहा आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन दिनों चंद्रावल नदी ग्रामीणों के लिए अभिशप्त साबित हो रही है।

आवागमन सुगम बनाने को लेकर ग्रामीणों ने सदर विधायक से पुल निर्माण की मांग की। साथ ही उन्होंने एंबुलेंस फंसने पर अनोखी पहल की। गांव के लोगों ने नदी से पार होने के लिए एक पीपे का पुल ही बना लिया था। नदी के किनारे बसे आधा दर्जन गांवों को बारिश के मौसम तक लाइफलाइन साबित होता रहा। प्रधान अशोक सिंह के साथ ग्रामीणों ने विधायक डा.मनोज प्रजापति से पुल निर्माण कराए जाने की मांग की थी। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। वहीं ग्रामीणों ने जुगाड़ कर नदी से आर पार होने के लिए एक पीपे का पुल बनाया था। इसमें ठेकेदार मान सिंह व पूर्व प्रधान गजेंद्र सिंह सहित तमाम लोगों ने एक दर्जन बड़े पाइप की व्यवस्था की थी। पीपे का पुल बनने से बाइक, ई-रिक्शा व ऑटो से लोग निकलकर कर गंतव्य तक आते जाते रहे। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते विधायक ने नदी में पुल निर्माण के लिए शासन स्तर पर पहल की।

उन्होंने बताया कि इंजीनियरों ने नदी में बने पुलों की जांच की तो पाया कि छह किमी के अंदर नदी में दूसरा पुल शासनादेश के तहत नहीं बन सकता है। ऐसे में पुल निर्माण में आ रही बाधा को देखते नदी में रपटा निर्माण कराने का फैसला हुआ। कहते हैं कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने 100 मीटर लंबे रपटे का आंकलन तैयार किया था। इस पर शासन में हुई पहल के बाद जिला खनिज फाउंडेशन न्याय निधि से रपटा निर्माण को 282.49 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। इस पर शीघ्र काम शुरू हो जाएगा। इसके बनने से एक दर्जन गांवों के हजारों ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो जाएगा।


ग्रामीणों द्वारा चंद्रावल नदी में तैयार किया अस्थाई पुल (फाइल फोटो)।


विधानसभा क्षेत्र में जहां कहीं भी मूलभूत सुविधाओं की समस्या आ रही हैं वहां प्रयास कर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। किसवाही सहित आसपास गांवों के ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग की थी। जिस पर शासन स्तर से प्रयास कर चंद्रावल नदी में रपटा निर्माण स्वीकृत कराया है। इससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा।
डा.मनोज प्रजापति, विधायक सदर

# करंट की चपेट में आ कर खंभे से गिरा लाइनमैन, मौत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

● कानपुर ले जाते समय रास्ते में हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** क्षेत्र के चन्दपुरवा मौजा में नलकूप की हाईटेंशन लाइन को ठीक करते समय एक प्राइवेट कर्मी करंट की चपेट में आकर खंभे से गिर गया। जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य के लाया गया। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत नाजुक होने पर कानपुर ले जाते समय इसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

चंदपुरवा गांव निवासी रमेश श्रीवास का पुत्र प्रमोद (28) प्राइवेट तौर पर विद्युतकर्मी के रूप में काम करता था। गुरुवार को शाम करीब 7:00 बजे यह चंदपुरवा मौजा के किसी नलकूप की विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर उसे ठीक कर रहा था। तभी विद्युत सप्लाई चालू हो जाने से करंट की चपेट में आकर खंभे से नीचे आ गिरा। मौके में मौजूद साथियों ने इसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने इसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय इसकी रास्ते में मौत हो गई। परिजनों ने वापस आकर मुख्यालय में शव को मोर्चरी में रखवा दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पिता मजदूरी का काम करता है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा और अविवाहित था। अवर अभियंता ने बताया कि मृतक को वह नहीं जानते है। वह चलती लाइन में कार्य कर रहा था तभी घटना हो गई है। बताया कि गांव के लोग घटना के बाद स्कूल के पास तार टूटने की सूचना देकर लाइन बंद कराए थे एसडीओ एसपी मिश्रा का कहना है कि मृतक विभाग का कर्मी नहीं है, शायद वह चलती लाइन में काम कर रहा होगा।

# आपदा प्रबंधन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू


तहसील सभागार में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देती प्रशिक्षक शहाना परवीन।

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** आपदा प्रबंधन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन उप जिलाधिकारी ने किया। इस प्रशिक्षण में दैवीय आपदाओं से बचाव के संबंध में मास्टर ट्रेनर ने प्रथम सत्र व द्वितीय सत्र में 240 सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। साथ ही अग्निशमन के कर्मियों ने आग से बचाव के तरीके बताएं। वहीं चिकित्सकों ने आपदा से फैलने वाली बीमारी से बचाव की जानकारी दी।

स्थानीय तहसील सभागार में जिला आपदा प्राधिकरण हमीरपुर के तत्वावधान में आपदा प्रबंधन के संबंध में लेखपाल संवर्ग, अध्यापक, विकास विभाग तथा अन्य सभी कर्मचारियों को जन जागरूकता का प्रशिक्षण शुरू किया गया। दोनों पाली में 240 कर्मियों को मास्टर ट्रेनर शाहाना परवीन व आरती वर्मा ने प्रशिक्षण दिया। शुक्रवार को भी प्रशिक्षण होगा। उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा व तहसीलदार बलराम गुप्ता यह एक बड़ा कार्यक्रम संचालित किया गया।

# तेज रफ्तार बाइक फिसली, दो युवक गंभीर घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** गुरुवार को देर रात देवगांव मार्ग में बाइक फिसल जाने से दो युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। जहां से दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया।

ललपुरा थाना क्षेत्र के कलौली जार के निवासी शिवदास यादव का पुत्र विक्रम यादव रेलवे के दोहरीकरण में कार्य करता है। गुरुवार को रात करीब 8 बजे यह कस्बा निवासी बबलू सविता निवासी पीडब्ल्यूडी स्टोर के पास के साथ बाइक से ड्यूटी जा रहा था। कस्बे एवं देवगांव के मध्य सड़क में फैली पड़ी बालू में उनकी बाइक फिसल गई। इससे यह दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। कलौलीजार के प्रधान अरविंद यादव ने बताया कि उपचार के बाद दोनों की हालत में सुधार है।


# परशुराम-लक्ष्मण संवाद देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंधरी के मदारी दास बाबा आश्रम प्रांगण में दो दिवसीय रामलीला के आखिरी दिन धनुष भंग एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

पंधरी के ग्रामीणों ने मदारीदास बाबा आश्रम प्रांगण में दो दिवसीय रामलीला का आयोजन कराया। रामलीला के आखिरी दिन धनुष भंग, परशुराम लक्ष्मण संवाद देखने सुनने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। परशुराम लक्ष्मण संवाद सुनकर लोग भावविभोर हो गए। यहां पर राम का अभिनय सुमित तिवारी पिपरौंदा, लक्ष्मण का अभिनय उदित तिवारी पिपरौंदा तथा परशुराम का अभिनय बाल व्यास कानपुर ने किया। ग्रामीणों ने परशुराम लक्ष्मण संवाद को खूब सराहा। पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता, सुशील कुमार पालीवाल, रामदेव तिवारी, अनुज तिवारी, अनीश साहू, मैकूलाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**मुमुक्ष आश्रम में उमड़ी भीड़:** सुमेरपुर(हमीरपुर)। क्षेत्र के इंगोहटा के मुमुक्ष आश्रम में यज्ञ के दौरान चल रही रामलीला देखने को भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार की रात रामलीला के चर्चित कलाकारों ने धनुष भंग, सीता स्वयंवर की लीला का मंचन कर दर्शकों को भाव विह्वल कर दिया। कालका प्रसाद मिश्र उर्फ बबलू के जनक का अभिनय देखकर दर्शक अश्रुपूरित हो गए। वहीं राजू मिश्र ने परशुराम का अभिनय किया। रामलीला में जनक विलाप, परशुराम लक्ष्मण संवाद, रावण बाणासुर संवाद आकर्षण के केन्द्र रहे।


रामलीला में लक्ष्मण परशुराम संवाद करते कलाकार। अमृत विचार


परसी डेरा में श्रीमद् भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

## 'क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु, बरते संयम'

**संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)।** श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने राजा परीक्षित के श्राप का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथावाचक ने बताया कि क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जिस पर संयम रखना जरूरी है। शंकरपुर के मजरा परसी डेरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पं रामेश्वर दास शास्त्री ने बताया कि राजा परीक्षित पांडव पुत्र अभिमन्यु के पुत्र थे। बताया कि एक बार राजा परीक्षित जंगल में पशुओं के पीछे दौड़ने के कारण प्यास से व्याकुल हो गए। पानी की तलाश में वह इधर-उधर भटकते हुए सिंह ऋषि के आश्रम में पहुंच गए। वहां पर शमीक ऋषि नेत्र बंद किए भगवान की आराधना में लीन थे। राजा ने उनसे जल मांगा, लेकिन ध्यान मग्न होने के कारण ऋषि ने कोई उत्तर नहीं दिया। उनको ऋषि पर बहुत क्रोध आया और उन्होंने अपने अपमान का बदला लेने के लिए अपने धनुष की नोक में शमीक ऋषि के गले में मरा पड़ा सर्प डाल दिया और अपने नगर वापस आ गए। ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को जब इस बात का पता चला तो उन्हें राजा परीक्षित पर बहुत क्रोध आया। ऋषि कुमार ने कमंडल से जल लेकर राजा परीक्षित को श्राप देते हुए कहा कि आज से सातवें दिन तुझे तक्षक सर्प डसेगा। कथावाचक ने बताया कि क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जिस पर संयम जरूरी है। परीक्षित योगेंद्र निषाद, ज्योति निषाद, धीरेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र निषाद, रामचंद्र, अजब सिंह, रामचंद्र आर्य, राजेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# अरुण ने आकाश को दी पटखनी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के टेढ़ा गांव में स्व.पहलवान सिंह की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय दंगल के प्रथम दिन नामी गिरामी पहलवानों के मध्य रोचक मुकाबले हुए। दंगल का शुभारंभ ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव ने इटरा आश्रम के महंत बलराम बाबा के साथ हाथ मिलाकर किया।

प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी स्व.पहलवान सिंह की स्मृति में दो दिवसीय दंगल, मेला रामलीला का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव ने बताया कि दंगल में प्रथम दिन हुई कुश्तियां में अरमान दिल्ली ने सुल्तानपुर कानपुर को पटखनी दी। इसी तरह रवि अलीगढ़ ने आकाश गाजियाबाद, सनी इटरा ने इमरान कानपुर को, मनीष पपरेन्दा को भूटिया मेरठ ने पराजित किया। भूरा अलीगढ़ व देवा थापा दिल्ली, लकी मेरठ व योगेश हाथरस, किशनपाल औरैया व गोविंद खरौंज, जान मुहम्मद बिल्हौर व किशनपाल की कुश्तियां बराबर पर छूटी।

इसके अलावा अन्य पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्ती संपन्न हुई। रेफरी की भूमिका रामकिशुन नन्ना व बुंदेलखंड केसरी बाबूलाल पहलवान ने निभाई।

दंगल का संचालन सुरेश यादव दपसौरा ने किया। दंगल में उमाशंकर मिश्रा, विनोद तिवारी, अनिल यादव, रामकिशोर सिंह, ब्रह्म कुमार सिंह, विजय यादव, पवन यादव, अरविंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

# शराबी युवक झगड़ा करने के बाद लटक गया फंदे पर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मां-पिता और बहन से विवाद होने पर शराबी युवक ने घर में फांसी लगा ली। जब परिजनों ने युवक को लटकता हुआ देखा तो उसे फंदे से उतार कर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मुस्करा थाने के बिहूनी गांव निवासी अहमद अपने परिवार के साथ रहता था। अहमद का एकलौता पुत्र अफजल (18) शराब पीने का लती था। बताया जाता है कि गुरूवार की शाम अफजल शराब के नशे में घर आया और अपनी बहन और पिता से झगड़ा करने लगा। रात करीब 10 बजे मौका देख अफजल ने बरामदे में रस्सी से फांसी लगा ली। जब परिजनों ने उसे लटकता देखा तो हड़कंप मच गया। परिजन युवक को लेकर सीएचसी मुस्करा पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अफजल की दो बहनों समेत मां और पिता का रो रोकर बुरा हाल रहा।


सीएचसी में इकलौते बेटे की मौत पर बिलखता पिता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी युवक ने कानपुर में फांसी लगाई शव के गांव आते ही परिजनों में मचा कोहराम

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी ट्रांसपोर्टर के भाई ने कानपुर के आवास में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी सोनू सिंह ट्रांसपोर्टर है। इसका बड़ा भाई शिवपूजन सिंह (28) पत्नी शिवानी एवं पुत्र प्रिंस 4 वर्ष के साथ कानपुर के निजी आवास में रहता था। बुधवार को देर रात यह शराब के नशे में घर लौटा तो पत्नी से कुछ कहा सुनी हो गई। इसके बाद शिवपूजन कमरे में जाकर सो गया। सुबह पत्नी जब सोकर उठी तो वह फांसी में झूल रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी। पत्नी ने घटना की सूचना ससुर राजू सिंह एवं देवर सोनू सिंह को दी। घटना की सूचना पाकर सभी कानपुर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को देर शाम शव गांव लाया गया। गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी शिवानी, पुत्र प्रिंस, पिता राजू सिंह, मां भूरी सिंह सहित तीन भाइयों को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अंतिम संस्कार में ग्राम प्रधान नरेन्द्र पाल सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।


मृतक शिवपूजन की फाइल फोटो।

### हाईवे पर चल रहे अवैध टैंपो स्टैंड, राहगीरों को मुश्किल

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में नेशनल हाईवे सहित स्टेट हाईवे में जगह-जगह अवैध टेंपो स्टैंड संचालित होने से उनकी धमाचौकड़ी से दिनभर जाम का झाम बना रहता है। इससे सुमेरपुर कस्बा वासियों के साथ अन्य राहगीर परेशान रहते हैं सुमेरपुर कस्बे के मध्य से नेशनल हाईवे 34 के साथ स्टेट हाईवे सुमेरपुर पैलानी मार्ग गुजरता है। इन दोनों मार्गों में कस्बे के अंदर आधा दर्जन स्थानों पर अवैध टेंपो स्टैंड संचालित हैं। दिनभर सैकड़ों टेंपो इन स्थानों पर धमाचौकड़ी मचाते हैं। नेशनल हाईवे सहित स्टेट हाईवे के ऊपर बने इन अवैध टेंपो स्टैंड में टेंपो के खड़े होने से जाम का झाम पैदा हो जाता है। इससे बस स्टॉप के आसपास के अलावा सब्जी मंडी चौराहा, देवगांव चौराहा, पैलानी चौराहा में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे कस्बा वासियों के साथ अन्य राहगीरों को वहां से निकलने में आए दिन परेशान होना पड़ता है। इस संबंध में यातायात प्रभारी हरविंदर सिंह ने कहा कि दो दिन बाद अभियान चलाकर इन अवैध टैंपो स्टैंड संचालकों सहित डग्गामार वाहन चालकों के खिलाफ जल्द कार्यवाही की जायेगी।

### टप्पेबाजों ने तीन दिन में चार लोगों को बनाया शिकार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के इंगोहटा बस स्टैंड में टप्पेबाजी की घटनाओं से व्यापारी परेशान है। टप्पेबाजों ने तीन दिनों में चार लोगों को निशाना बनाकर हजारों का माल उड़ा लिया। बस स्टैंड में राहुल गौतम निवासी ग्राम भिटारी थाना कुरारा अपनी पत्नी अर्चना व साली के साथ गांव जा रहा था। तभी एक टप्पेबाज फुटकर कराने के बहाने पांच सौ रुपए ले उड़ा। उसके पास लिए गए समोसा के पैसे और किराया भी नही बचा तो बाद में बिदोखर के रिश्तेदारों से किराया का पैसा मांगकर अपने गांव जा सका। दूसरा निशाना दुकानदार सुरेश द्विवेदी को बनाया। उसकी दुकान से 800 रुपए की दो किलो मिठाई लेकर भुगतान फोन पे द्वारा करने को कहा। बाद में मोबाइल में फर्जी पेमेंट दिखाकर मोटर साइकिल स्टार्ट कर भाग गये। तीसरी घटना में टप्पेबाज भगवानदीन साहू की फल व परचून की दुकान से 15 लीटर तेल की गैलन लेकर मौदहा की तरफ रफूचक्कर हो गए और दुकानदार देखता ही रह गया। चौथी घटना में इरशाद खां की टायर पंचर की दुकान से तीन टायर उठाकर ले गए। इस तरह से टप्पेबाज वहां के दुकानदारों और यात्रियों को अपना निशाना बना रहे हैं। पुलिस वहां नहीं रहती है। हल्का इंचार्ज आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि उनके पास अभी तक टप्पेबाजी की कोई शिकायत नहीं आई। फिर भी बस स्टैंड के पास पुलिस चौकसी बढ़ाई जाएगी। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाएगी।

लोकसभा चुनाव की तैयारी

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम न्यायिक, एडीएम नमामि गंगे एवं एसडीएम भी मौजूद रहे

# मतदान केंद्रों पर मिली खामियों की सीडीओ ने की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक ली। इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम न्यायिक, एडीएम नमामि गंगे एवं उप जिलाधिकारी सहित 83 सेक्टर ऑफिसर्स मौजूद रहे। सीडीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भ्रमण रिपोर्ट की समीक्षा की। जहां कहीं भी मतदेय स्थलों पर कुछ कमियां बताईं गईं उनमें संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करा समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराने को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों पर मतदान कार्मिकों के ठहरने संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करे कि कोई भी मतदान कार्मिक मतदेय स्थल के अतिरिक्त कहीं और आतिथ्य स्वीकार न करे। मतदान दिवस पर अपने क्षेत्र में ही सबसे बड़े बूथ पर विश्राम करेंगे। कोई भी सेक्टर आफिसर सेक्टर मुख्यालय को छोड़कर नहीं जाएगा।

**लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण :** उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगरीय क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों में मिली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान एक पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का भी निरीक्षण किया। बाद में उप जिलाधिकारी ने बताया कि क्रमवार मतदान केंद्रों के निरीक्षण करने का सिलसिला शुरू किया गया है। यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है तो समय रहते उसे ठीक कर लिया जाए। गुरुवार के भ्रमण में जीजीआईसी, गांधी इंटर कॉलेज व रागौल मतदान केंद्र देखे।


मतदान केंद्रों को लेकर समीक्षा बैठक लेते सीडीओ। अमृत विचार


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

# केंद्र में ड्रोन, रोबोट व इलेक्ट्रिक व्हीकल का मिलेगा प्रशिक्षण

**मौदहा(हमीरपुर)।** आईटीआई संस्थान अब टाटा टेक्नोलॉजी उन्नयन न्यू कोर्स चलाएगा। इसके लिए एक बड़ा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कराया जा रहा है। जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल, ड्रोन व रोबोट आदि के प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी सत्र से संपन्न होंगे। कस्बा के छिमौली मार्ग स्थित आईटीआई केंद्र से संबंध टाटा टेक्नोलॉजी यहां प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगा। इसमें उन्नयन न्यू कोर्स जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल, ड्रोन व रोबोट आदि के प्रशिक्षण आगामी सत्र से शुरू करने की तैयारी है। संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षक शमशाद अहमद ने बताया कि अगले सत्र के प्रवेश में आईटीआई प्रवेश के साथ ही टाटा टेक्नोलॉजी शिक्षा के लिए भी प्रवेश दिए जाएंगे।

# छेड़छाड़ पीड़िता ने कोतवाली में मिली डांट, खाया जहर

## रिपोर्ट लिखवाने को चार दिन से कोतवाली के चक्कर लगा रही थी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● हालत बिगड़ते देख पुलिस के हाथ पांव फूले, भर्ती कराया

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला ऊदल चौक वार्ड के सब्जी मंडी निवासी एक महिला के घर इनवर्टर लगाने गए दुकानदार ने उसे अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की और उसके कपड़े फाड़ दिए। अचानक पति के पहुंच जाने से दुकानदार घबरा गया और मोबाइल छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। पत्नी ने अपने साथ घटी घटना की जानकारी पति को दी। पति के साथ कोतवली पहुंचकर तहरीर दी, लेकिन चार दिन बाद भी न रिपोर्ट लिखी गई और न ही पुलिस ने कोई कार्रवाई की। शुक्रवार को वह पुनः कोतवाली पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की, पुलिसकर्मियों ने उसे डांट दिया। इससे दुखी होकर उसने कोतवाली में जहर खा लिया। हालत बिगड़ती देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

सब्जी मंडी निवासी एक व्यक्ति किराए के मकान में पत्नी के साथ रहता है, वह चार पहिया वाहन चालक है। 12 फरवरी को जब वह गाड़ी चलाने के लिए चला गया तो कुछ देर बाद उसकी पत्नी ने सलीम अहमद नाम के दुकानदार को इनवर्टर लगाने के लिए बुलाया। महिला का आरोप है कि दुकानदार उसे अकेला देखकर अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उसने कपड़े फाड़ दिए। महिला के विरोध करने के बाद भी वह छेड़खानी करता रहा। इसी बीच उसका पति अचानक पहुंच गया और उसने दुकानदार की जमकर मारपीट की। किसी तरह दुकानदार उसके चंगुल से छूटा और भाग गया, लेकिन उसका मोबाइल उसके घर पर ही छूट गया।

पति दुकानदार का मोबाइल लेकर पत्नी के साथ उसी दिन कोतवाली पहुंचा और शहर निवासी सलीम अहमद के नाम तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने तहरीर लेकर उसे टरका दिया। अगले दिन वह पुनः कोतवाली पहुंची, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। शुक्रवार को महिला कोतवाली पहुंची और अपने साथ डाई भी ले गई।

कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए अड़ गई, लेकिन पुलिसकर्मियों ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उसे हड़का कर भगाने की कोशिश की। न्याय के लिए चार दिन से भटकर रही महिला ने कोतवाली के अंदर ही जहरीला पदार्थ डाई खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसकी हालत देख कोतवाली पुलिस पसीना- पसीना हो गई और आनन- फानन में महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# दामाद की मौत के सदमे से परेशान सास ने तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मां की मौत के बाद रोती बेटी।

**अमृत विचार।** थाना कबरई के ग्राम उटियां में एक महिला दामाद की मौत की वजह से तनाव के दौर से गुजर रही थी। तीन महीने अवसाद ग्रस्त महिला की तबियत शुक्रवार को बिगड़ गई। परिजन उसे आनन- फानन में सीएचसी कबरई ले गए, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल महोबा लाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से उसकी बेटी का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों के समझाने के बाद भी बेटी बिलखती रही।

ग्राम उटियां निवासी शकुन्तला पत्नी स्व. देवीदीन के दामाद की तीन माह पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। दामाद की मौत से महिला खासा परेशान रहने लगी थी और बेटी को अपने साथ रख लिया था। दामाद अपने पीछे एक बेटा छोड़ गया था, जिससे शकुंतला बच्चे की परवरिश के लिए दिन रात सोचती रहती थीं। शकुन्तला की बेटी ने बताया कि मां को काफी समझाने के बाद भी वह उन्हें याद करके रोती रहती थीं और समय से भोजन पानी भी नहीं करती थी।

डाक्टरों को दिखाने पर बताया कि वह अवसाद में रहती हैं, इसलिए इन्हें हंसी- खुशी रखें, तभी यह ठीक हो सकेंगी, इन्हें किसी भी तरह की कोई बीमारी नहीं है, लेकिन शकुन्तला किसी की बात नहीं मानती थीं, इससे अवसाद बढ़ता ही गया। शुक्रवार को सुबह उन्हें बेचैनी हुई। इस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले जाया गया , जहां से डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लाने के बाद डाक्टरों ने चेकअप किया और मृत घोषित कर दिया। पति की मौत के तीन महीने बाद मां की मौत से बेटी भी टूट गई।

# दिल्ली, गाजियाबाद की टीम सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मैच से पहले खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर।

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय बुन्देलखंड हॉकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन डाकबंगला मैदान चरखारी में तीन क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। पहला मैच दिल्ली और करमपुर गाजीपुर के बीच खेला गया, इसमें दिल्ली ने गाजीपुर को तीन शून्य से हराया, जबकि दूसरे मैच में गाजियाबाद ने बनारस को 3-2 से तथा बलरामपुर ने लखनऊ को 4-3 से हराया। तीनों टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि डीएचए झांसी चौथे दिन के खेल में ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थी। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

टूर्नामेंट के पांचवें दिन पहला मैच करमपुर गाजीपुर एवं जामिया दिल्ली के बीच खेला गया। दिल्ली ने करमपुर को 3-0 से हराते हुए टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। जामिया टीम ने शुरू से ही करमपुर पर दबाव बनाया और खेल के 33वें मिनट में दिल्ली के नागेन्द्र ने करमपुर की टीम पर पहला गोल किया। पहले हाफ तक दिल्ली टीम एक शून्य से आगे रही और दूसरे हाफ के 40 वें मिनट में नन्द किशोर ने 50वें मिनट में मुहम्मद तल्हा ने गोल दागते हुए अपनी टीम सेमीफाइनल में प्रवेश दिलाया। दूसरा मैच खेलो इंडिया गाजियाबाद एवं सन सिटी हाकी अकादमी वाराणसी के बीच खेला गया। खेल प्रारम्भ होने के 11वें मिनट में गजियाबाद के अमित ने गोल किया और 3 मिनट बाद ही बनारस के प्रशान्त ने गोल करते हुए दर्शकों को उत्साहित किया। 4 मिनट बाद ही गाजियाबाद के मिलन ने गोल करते हुए 2-1 की बढ़त ले ली। गाजियाबाद के अमित ने गोल करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। पांचवें दिन का अंतिम मैच लखनऊ एवं बलरामपुर के बीच हुआ। तीसरे मैच में स्टार इलेविन बलरामपुर और केडी सिंह सोसाइटी लखनऊ टीम के मध्य खेला गया, जिसमें बलरामपुर टीम के खिलाड़ी बजरंगी ने पहला गोल किया साथ ही 23वें मिनट में हैदर ने गोल करते हुए अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिलाई। पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद लखनऊ टीम ने बलरामपुर पर जोरदार हमला किया। दूसरे हाफ में लखनऊ हामिद ने गोल किया और दो मिनट बाद ही हामिद ने दूसरा गोल करते हुए खेल में रोमांच पैदा कर दिया। 39वें मिनट में शिवा ने गोल दागते हुए 3-1 की बढ़त बना ली लेकिन बलरामपुर की टीम ने जीत दर्ज की।

# हादसे में चार लोग हुए जख्मी, भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता, महोबा




● तीन लोग बाइक भिड़ने से व एक बस से उतरते समय घायल

**अमृत विचार।** एक युवक बस से उतरते समय बाइक से भिड़ जाने की वजह से जख्मी हो गया। दूसरी घटना में बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। पहली घटना विकासखंड पनवाड़ी की है, जहां कस्बा निवासी बृजभूषण पुत्र भुमानीदीन (32) अपने पुत्र को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था, तभी ग्राम बुडेरा मार्ग के समीप विपरीत दिशा से बाइक पर सवार उदयप्रकाश (26) की बाइक से भिड़ंत हो गई। घटनरा में तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी पनवाड़ी में भर्ती कराया, जहां पर उदय प्रकाश की हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दूसरी घटना पनवाड़ी राठ रोड की है, जहां बस से उतरने के लिए रमेश (30) पुत्र रामदयाल निवासी राठ हमीरपुर ने बस चालक को आवाज लगाई, जिस पर चालक ने बस धीमी कि लेकर युवक बस रुकने से पहले ही बस से उतरने लगा तभी वह सड़क पर खड़ी बाइक से भिड़ गया और गिरकर घायल हो गया। घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसके पैर में फैक्चर हो गया।

# फर्जी दस्तावेज से किसान क्रेडिट बनाकर बैंक से निकाला पैसा

**कुलपहाड़ महोबा।** भारतीय स्टेट बैंक में फर्जी दस्तावेज लगाकर दूसरे के नाम किसान क्रेडिट कार्ड से रुपये निकालने का मामला आया।

भारतीय स्टेट बैंक में फर्जी तरीके से किसान कार्ड बनाकर पैसा निकालने के मामले में दुलारा निवासी पीड़ित सीताराम पुत्र रामनारायण ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि दुलारा गांव का जगतराज पुत्र परशुराम बैंक के कर्मचारियों से सांठगांठ किए हैं। उक्त व्यक्ति ने पीड़ित सीताराम की भूमि की खतौनी लगाकर अपने नाम से किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया और 80 हजार रुपये भी निकाल लिए गए।

पीड़ित सीताराम ने बताया कि हमारी दुलारा मोजे में गाटा संख्या 909/6 रकवा 0.372 हैक्टेयर व गाटा संख्या 910 रकवा 0.360 है, जिसका भूमिधर मालिक है।

# परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**शीघ्र ही प्रधानाध्यापकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी प्रक्रिया शुरू करने से पहले विद्यालयों के प्रधानाध्यपकों को ऑनलाइन हाजिरी और रजिस्टर, डिजिटल करने के लिए प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, इससे उन्हें हाजिरी लेने व अन्य ऑनलाइन कार्य करने में असुविधा न हो सके। तभी यह कार्य ठीक तरह से संपादित हो सकेगा। प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण देने की तैयारियां चल रही है। जल्द ही उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

● प्राथमिक और जूनियर कंपोजिट स्कूलों में वितरित किए गए टैबलेट

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की अब शीघ्र ही ऑनलाइन हाजिरी ली जाएगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। अधिकांश विद्यालयों में टैबलेट मुहैया कराए जा चुके हैं। टैबलेट वितरण होने के बाद सिम दी जाएगी। सिम मिलने के बाद अध्यापकों की ऑनलाइन उपस्थिति शुरू कर दी जाएगी। ऑनलाइन उपस्थिति की शुरूआत होने के बाद कोई भी शिक्षक देरी से विद्यालय नहीं पहुंचेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बेसिक विद्यालयों के शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के लिए बेसिक शिक्षा विभाग पूरी तरह से जुटा हुआ है, अब जल्द से जल्द ऑनलाइन हाजिरी की प्रक्रिया शुरू की जा सके। विभाग ने अधिकांश विद्यालयों को टैबलेट वितरित करा दिए हैं, जिसमें प्राथमिक विद्यालयों के साथ- साथ उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। ऑनलाइन हाजिरी के साथ- साथ एमडीएम पंजिका डिजीटल रूप से ही मान्य होगी। ऑनलाइन हाजिरी की प्रक्रिया शुरू होने की खबर से देर से जाने वाले शिक्षक- शिक्षिकाओं में खलबली मच गई है।

दूर दराज के ग्रामीण इलाकों के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक अब समय से विद्यालय पहुंचने के लिए अपनी व्यवस्था बनाने में जुट गए हैं। कुछ ने अभी से टेंपो तो किसी ने चार पहिया वाहन स्कूल लाने- ले जाने के लिए बुक कर दिए हैं,ताकि समय से स्कूल पहुंच सकें। शासन की ऑनलाइन हाजिरी का असर अभी से दिखने लगा है। नए शिक्षा सत्र से बच्चों की दैनिक उपस्थिति डिजीटल माध्यम से करना अनिवार्य कर दिया गया है। गांव- गांव के स्कूलों में सबकुछ ऑनलाइन किए जाने से वृद्ध शिक्षक- शिक्षिकाएं खासे परेशान हैं, तमाम शिक्षक बीआरएस लेने का मन बना रहे हैं।

# भूमाफिया कर रहे किसानों के खेतों से अवैध खनन

संवाददाता, कुलपहाड़.,महोबा

● किसानों ने चल रहे अवैध खनन को रोके जाने की लगाई गुहार

**अमृत विचार।** विकास खंड पनवाड़ी के अंतर्गत ग्राम नगाराघाट में लेखपाल पर दूसरे की जमीन की पैमाइश कर बालू माफिया के साथ मिलकर बालू का अवैध खनन कराने का आरोप लगा है। आश्चर्य तो तब हो गया, जब पीड़ित द्वारा जिला स्तर से लेकर तहसील अधिकारियों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर गुहार लगाई है।

विकासखंड पनवाड़ी के अंतर्गत ग्राम नगाराघाट निवासी खूबचंद्र, तुलसीदास आदि ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के गाटा संख्या 11 रकवा 2. 226 हेक्टेयर भूमि दर्ज कागजात है, जिस पर वह काबिज है। लेकिन लेखपाल नगाराघाट ने गांव के बालू माफिया के साथ मिलकर वरौना मौजा के काश्तकार को हमारी पठा मौजा की भूमि नापकर दे दी गई है। पीड़ितों ने मना किया, तो लेखपाल माफिया के साथ मारने की धमकी दे रहे हैं, इसकी शिकायत पीड़ित किसानों द्वारा उच्च अधिकारियों को देने के बाद भी बालू माफिया पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे उनके हौसले बुलंद हैं। लगातार बालू खनन का गोरखधंधा चल रहा है। साथ ही सरकार के राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। अब पीड़ित खूबचंद्र, तुलसीदास ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर लेखपाल व गांव के बालू माफिया के खिलाफ कार्यवाही कर बालू के अवैध खनन को रोकने की मांग की।

# ब्लाक और सचिवालय में कभी कभार ही सचिवों के होते दर्शन

संवाददाता, जैतपुर महोबा

● रोज सचिवालय न आने से ग्रामीणों को हो रही दिक्कत

● ग्रामीणों की समस्या पर नहीं हा रही सुनवाई

**अमृत विचार।** अधिकारियों की उदासीनता के चलते विकास खंड जैतपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। ब्लाक व सचिवालय में सचिव कभी कभार ही आते हैं, जिससे विकास कार्यों क साथ साथ ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण समय से नहीं हो पा रहा है। सचिवों की मनमर्जी की शिकायतें भी करने के बाद उच्चाधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

विकास खंड जैतपुर की 63 ग्राम पंचायतों में 9 ग्राम पंचायत नियुक्त हैं, लेकिन दो या तीन सचिव ही नियमित आते हैं। जबकि अधिकांश सचिव सचिवालय में नहीं जाते हैं, जिससे ग्रामीण सचिवालय में सचिव के ना मिलने पर विकास खंड कार्यालय आकर उनकी जानकारी लेते हैं और न मिलने पर खंड विकास अधिकारी को ही समस्या से अवगत कराते हैं। खंड विकास अधिकारी सचिवों की लापरवाही देख कार्रवाई का आश्वासन देते हैं, लेकिन धीरे- धीरे ग्रामीणों की शिकायतें ठंडे बस्ते में चली जाती हैं।

ब्लाक व क्षेत्र में न जाने पर भी मुफ्त का वेतन सचिव ले रहे हैं। उधर ग्राम पंचायतों में अधूरे कार्य का पूरा भुगतान निकाल लेने, गौशालाओं में गौवंशों की हालत दयनीय है। गौशालाओं में गेहूं का भूसा तक पशुओं को नसीब नहीं हो रहा है।

कड़ाके की ठंड के बाद भी गौशालाओं में न तो तिरपाल लगाए गए और न ही पशुओं को ठंड से बचाने के प्रयास किए गए। इससे सर्दी के मौसम में कई अन्ना पशुओं की मौत हो गई। रामूपुरा ग्राम पंचायत गौशाला में ग्राम प्रधान पिपरमेंट का कचरा पशुओं को खिलाते रहे। कमोवेश यही स्थिति अन्य ग्रामीण अंचलों की गौशाला में देखने को मिली है।

# नियमों की अनदेखी कर सामग्री की आपूर्ति, जांच

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● हवन पूजन कर मां सरस्वती का किया गया भजन

**अमृत विचार।** पंचायती राज विभाग में इस वक्त जमकर मनमानी हो रही है। विभाग के कुछ कर्मचारी अपने सगे संबंधियों के साथ मिलकर निर्माण कार्यों में सामग्री की मनमाने तरीके से आपूर्ति कर रहे हैं। उनके द्वारा आपूर्ति के लिए फर्में बनवाई गई हैं। शासन के नियमों की जबरदस्त अनदेखी की जानकारी जब उपायुक्त मनरेगा राघवेंद्र तिवारी को हुई तो उन्होंने जांच के आदेश दिए। अब मामले की जंच खंड विकास अधिकारी कबरई करेंगे। जांच के बाद शासन के आदेशों के विपरीत सामान आपूर्ति करने वालों कारोबारियों पर कार्रवाई होगी।

पंचायती राज विभाग में आदेश आते ही सप्लायरों में चिंता का विषय बन गया है। विभाग में कार्यरत किसी भी कर्मचारी के सगे संबंधी वेंडर या मैटेरियल सप्लाई का कार्य नहीं कर सकते और जो फर्म विभाग में अगर कार्य करते पाई गई तो उनको तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट करने कार्यवाही की जानी है। डीसी मनरेगा राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि पंचायती राज विभाग के किसी भी कर्मचारी का संबंधी बेंडर सप्लायर अगर पंचायती राज विभाग में अगर सप्लाई करते पाया जाता है तो उसे तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट कर उस पर कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा बचपन प्ले स्कूल: जितेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, महोबा


फीता काटकर उद्घाटन करते एमएलसी। अमृत विचार

● एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने किया स्कूल का उद्घाटन, दी बधाई

● संस्थापक ने कहा यहां बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार भी मिलेगा

**अमृत विचार।** कस्बा कबरई के विवेक नगर में शुक्रवार को बचपन प्ले स्कूल का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने किया। कहा कि बचपन प्ले स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा। बचपन प्ले स्कूल की ओर से आए अभिषेक सचदेवा ने विस्तार से विद्यालय की सुविधाओं के बारे में बताया। एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने इस विद्यालय को कबरई नगर के लिए एक उपलब्धि बताया। कहा कि इस स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार भी मिलेगा। इस अवसर पर संस्थापक प्रबंधक डॉक्टर रामकुमार सिंह परमार ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को घर जैसा माहौल मिलेगा। शिक्षक उन्हें माता पिता की तरह ही पूरे स्नेह और दुलार से पढ़ाएंगे। नगर वासियों को आधुनिक पद्धति से उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। इस अवसर पर जयवंत सिंह , एके त्रिपाठी , सुरेंद्र सिंह , अंकुर शिवहरे, शिवकुमार गोस्वामी रहे।

तैयारी | प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लिया जायजा

# तैयारियां पूरी, पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा आज से

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा केंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 17 फरवरी से जिले के 18 केंद्र में पुलिस भर्ती की परीक्षा कराई जाएगी। इस बार परीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के टीचरों और अनुदेशकों के अलावा अन्य सरकारी विद्यालयों के अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा होने से दो घंटे पहले बुलाया गया है। इससे किसी भी तरह का व्यवधान पैदा न हो सके। परीक्षार्थियों की दो स्थानों पर चेकिंग करने के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा।

17 और 18 फरवरी को दो दिन तक पुलिस की सीधी भर्ती के लिए परीक्षा कराए जाने के लिए प्रशासन ने सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। पुलिसकर्मियों के अलावा अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, जो एक- एक परीक्षा केंद्र में जाकर परीक्षा का जायजा लेंगे। जिलाधिकारी ने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई है। शुक्रवार को सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण का जायजा लिया।

परीक्षा शांतिपूर्ण नकलविहीन और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा फर्नीचर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने भी एक के बाद परीक्षा केंद्र में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्रों को देखा। परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए शिक्षकों को केंद्र व्यवस्थापकों ने बुलाकर सीटिंग प्लान तैयार कराए। साथ ही उनके परिचय पत्र भी बनाए गए, जिससे परीक्षा के समय किसी भी तरह की असुविधा न हो सके।

**परीक्षा की समय सारिणी**

| दिनांक | परीक्षा का नाम | पाली | समय | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 17 फरवरी | लिखित परीक्षा | प्रथम पाली | प्रात 10 से दोपहर 12 बजे तक | 120 मिनट |
| | | द्वितीय पाली | दोपहर 3 बजे से शाम पांच बजे तक | 120 मिनट |
| 18 फरवरी | लिखित परीक्षा | प्रथम पाली | प्रात 10 से दोपहर 12 बजे तक | 120 मिनट |
| | | द्वितीय पाली | दोपहर 3 बजे से शाम पांच बजे तक | 120 मिनट |

# स्कूली बच्चों ने पक्षियों के बारे में ली जानकारी

**महोबा।** पूर्व सांसद विजय बहादुर सिंह के फार्म हाउस का शिरडी सांई बाबा स्कूल निस्वारा के विद्यार्थियों का भ्रमण कराया गया। फार्म हाउस में बच्चों ने प्राकृतिक दृश्यों का आनंद उठाया। साथ ही विभिन्न प्रकार के पक्षियों के बारे में जाना। बच्चों ने तमाम प्रकार के पेड़- पौधों को भी देखकर उनके विषय में ज्ञान अर्जित किया।

स्कूल के संस्थापक मोतीलाल गुप्ता द्वारा शिक्षण कार्य के अलावा ऐतिहासिक स्थलों व अन्य पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराकर बच्चों के ज्ञान में वृद्धि का सराहनीय कार्य करते रहते हैं। इस मौके पर बच्चों ने हिरन, बतख, खरगोश आदि पशु पक्षियों को देखा और उनकी प्रतिक्रियाओं पर नजर रखते हुए उन्हें समझाया गया। पक्षी हमारे लिए कितना जरूरी हैं बताया गया।

# मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का विकास जल्द कराएं: डीएम


बैठक में निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तिथि भले ही घोषित नहीं हुई है लेकिन तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक की। मतदान केंद्रों पर तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा। मतदेय स्थलों का भ्रमण करने और वहां निर्वाचन के मद्देनजर क्या- क्या सुविधाएं हैं यह जांचने के लिए कहा। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों की सूची बनाने और जो दबंग हैं उन्हें चिह्नित कराने के आदेश दिए। ऐसे लोगों पर प्रभावी कार्रवाई कराने का आदेश दिया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एडीएम वित्त रामप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, निर्वाचन अधिकारी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा, जुर्माना भी लगा

चित्रकूट कार्यालय

- जिला जज प्रथम का फैसला
- नाती ने की थी बाबा की हत्या

**अमृत विचार।** जमीन के लिए बाबा की हत्या करने में दोषी युवक को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आजीवन कारावास की सजा दी है। यह चचेरे भाइयों को जमीन दिए जाने के निर्णय से नाराज था और गुस्से में वृद्ध का कत्ल कर दिया था। इसे कोर्ट ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि दो सितंबर 2019 को पहाड़ी थाना क्षेत्र के इटौरा निवासी भगवानदीन आरख पुत्र असवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई रामदास (65) एक सितंबर 2019 की शाम लगभग साढ़े सात बजे घर से खाना खाकर खेतों की रखवाली करने के लिए गया था। दूसरे दिन सुबह जब रामदास नहीं लौटा तो वह मवेशियों का गोबर लेकर खेत में डालने पहुंचा, जहां उसने देखा कि रामदास की गला काटकर हत्या कर दी गई है और खेत में शव पड़ा था। भगवानदीन ने इस संबंध में प्रेमचंद आरख पर हत्या का शक जताया था। उसके अनुसार, मृतक रामदास अपने हिस्से की आठ बीघा जमीन अपने नातियों रामचंद्र, सुरेश चंद्र और महेश को देने वाले थे, जिसका विरोध प्रेमचंद कर रहा था। इसके चलते उसने बाबा रामदास को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने इस मामले में अभियोग पंजीकृत करने के बाद हत्यारोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को जिला जज विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध हत्यारोपी प्रेमचंद को आजीवन कारावास की सजा दी।

## दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन शिकायतें सुनीं

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

खरौंज गांव में शुक्रवार को पशु चिकित्सा अधिकारी सोनम दीक्षित की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के शिवनाथ ने गांव में दलदल कीचड़ की साफ सफाई करवाने की मांग की। जिस पर विभाग द्वारा सफाई कर्मी को मौके पर भेजकर साफ सफाई कराई गई। वहीं क्षेत्र के भौली गांव में पशु चिकित्सा अधिकारी सोनम दीक्षित की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के प्रेम व ललिता ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर विभाग द्वारा मौके पर दोनों शिकायतकर्ताओं का ई-केवाईसी कराया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान, सचिव रहे।

# अखिलेश ने फिर दिए संकेत, कन्नौज से लड़ना तय

इरा अवस्थी

- भाजपा को दे सकते हैं कड़ी टक्कर, कराया विकास आ सकता काम
- दो दिन पूर्व निजी दौरे में सपा मुखिया ने कन्नौज को बताया था अपना घर


कन्नौज में निजी दौरे के समय प्रेस से बात करते अखिलेश। (फाइल फोटो)

**कन्नौज।** विगत करीब ढाई दशक से कन्नौज की राजनीति पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र रही है। वर्ष 1999 में सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के चुनाव लड़ने के साथ ही इसकी शुरुआत हुई थी। इसके बाद ही मौजूदा अध्यक्ष व उनके बेटे अखिलेश ने 2000 में यहीं से राजनीतिक पारी शुरू की थी। अब 14 साल बाद एक बार फिर से वे यहां से ताल ठोंकने की तैयारी में हैं और इस बात के संकेत वे दो दिन पहले कन्नौज के निजी दौरे में दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि घर से भी चुनाव लड़ने की घोषणा करनी पड़ेगी। भले ही भाजपा ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है लेकिन पिछले दिनों मुख्यमंत्री द्वारा मौजूदा सांसद के लिए ही संकेत दिए थे। ऐसा होता है तो अखिलेश व सुब्रत के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की कर्मभूमि अपनी खुशबू के लिए तो विश्वप्रसिद्ध है ही, राजनीति को लेकर भी कम चर्चित नहीं रहती है। इस क्रम में समय-समय पर राजनीतिक धुरंधरों ने न सिर्फ यहां से चुनाव लड़कर जनप्रतिनिधित्व हासिल किया बल्कि इसे वीआईपी की श्रेणी से भी नवाजा। विगत 25 साल की बात करें तो 1999 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने संभल के साथ यहां से भी चुनाव लड़ा था। तब उन्होंने दोनों ही सीटों पर विजयश्री दर्ज कराई थी। उस दौरान मुलायम ने करीब दर्जन भर जनसभाएं लोकसभा क्षेत्र में कीं थीं। तब मुलायम ने बेटे अखिलेश उर्फ टीपू को राजनीति का ककहरा सिखाने के लिए यहां से मैदान में उतार दिया था और खुद यह सीट छोड़ दी थी।

कन्नौज की जनता ने भी भारी बहुमत से अखिलेश की ताजपोशी की थी। इसके बाद 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में भी अखिलेश लगातार सांसद रहे जिससे यह सीट वीआईपी बनी रही। इसके बाद 2012 में विधानसभा चुनाव में सपा को बहुमत मिला तो मुलायम ने बेटे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया। इससे खाली हुई इस सीट पर उनकी पत्नी डिंपल यादव सांसद चुनी गईं और फिर 2014 के चुनाव में मौजूद सांसद सुब्रत यादव को शिकस्त देकर सीट बरकरार रखी।

हालांकि 2019 के चुनाव यह सीट सुब्रत ने नजदीकी अंतर से जीत ली। इसके बाद से चल रही मोदी लहर में 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी विधानसभा क्षेत्र कमल मय हो गए। हाल ही में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के साथ प्राणप्रतिष्ठा के माध्यम से हिंदू बहुल आबादी में खासी पैठ बना ली है। ऐसे में मौजूदा सांसद जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। उधर दो दिन पहले यहां पहुंचे अखिलेश यादव ने सदर विधायक राज्यमंत्री असीम अरुण के उस तंज का जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'हार के डर से उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की'। कहा कि 'कन्नौज, अपने घर में भी घोषणा करनी पड़ेगी'। उनके उत्तर से इस बात को बल मिल रहा है कि वे यहां से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। खास यह कि उनके पास अपने सांसद रहते कराए कार्य गिनाने के लिए हैं। इनको वे समय-समय पर गिनाते भी रहे हैं। हालिया दौरे में भी उन्होंने कैंसर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए जिनका निर्माण उनके या उनकी सरकार में हुआ था।

इधर मौजूदा जनप्रतिनिधि के पास (टिकट मिलने की स्थिति में) गिनाने के लिए कोई ऐसे काम नहीं जिनको जनता की आंखें देख रहीं हों। ऐसे में अगर जनता काम को चुनती है तो इस चुनाव में कांटे की लड़ाई देखना दिलचस्प होगा।

# अस्पताल गेट पर जनऔषधि केंद्र संचालक पर जानलेवा हमला

## बेटे को एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाने आए थे, पांच नामजद व 20-25 अज्ञात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


घटना के बाद घायल से जानकारी लेते विष्णुकांत तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुत्र को रैबीज बैक्सीन लगवाने जिला अस्पताल गये जन औषधि केंद्र संचालक, उनकी मां और पुत्र पर फार्मासिस्ट ने जानलेवा हमला कर दिया। कार से घर जाते समय अस्पताल गेट पर कार रोक कर साथियो के साथ मिल कर मारपीट की। सिर पर लोहे की राड तो पुत्र के सीने पर तमंचे की बट से वार किया। युवक का सिर फट गया। इससे अस्पताल गेट पर अफरा तफरी मच गई। पांच नामजद और 20-25 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव तेरारागी निवासी अजीत पाण्डेय पुत्र राम बाबू जिला अस्पताल में जनऔषधि केंद्र का संचालन करते हैं। शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे मां के साथ वह कार से पुत्र को रेबीज इंजेक्शन लगवाने जिला अस्पताल आये थे। पर्चा बनवा कर डॉक्टर से लिखवाने के बाद कमरा नंबर 10 में मौजूद अप्रेंटिस फार्मासिस्ट सूफियान पुत्र अतीक निवासी जलालपुर सरवन के पास पहुंचे। पर्चा थमाते हुए उन्होंने इंजेक्शन लगाने को कहा तो उसने मना कर दिया। दोबारा कहने पर धमकी देते हुए मां को धक्का मार दिया, जिससे वह गिर पड़ी। इसके बाद धमकी दी कि उसे जानते नहीं वह कौन है।

आरोप है कि इसके बाद उसने अपने गांव जलालपुर सरवन फोन कर 20-25 लोगों को जिला अस्पताल बुला लिया। इससे पहले वह पुत्र व मां को कार में बैठाने के बाद घर के लिये चल दिया। जैसे ही वह जिला अस्पताल के गेट के निकट पहुंचा उसी समय सूफियान व उसके साथियों ने कार रोक ली और एक भी न सुनते हुए कार के अंदर उनके साथ मारपीट करने लगे। लोहे की राड से वार कर अजीत का सिर फोड़ दिया। पुत्र के सीने में तमंचे की बट मार दी। इस दौरान अजीत के गले में पड़ी सोने की चेन कहीं गिर गई। घटना से अस्पताल गेट पर अफरा तफरी मच गई। शोर सुन कर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और बचाया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। इसके बाद पुलिस ने गांव जलालपुर दविस दी पर आरोपी नहीं मिले।

### मारपीट के बाद लगी भाजपाइयों की भीड़

भाजपा नेता अजीत के साथ जिला अस्पताल में हुई मारपीट की जानकारी पर भाजपाइयों की भीड़ लगी रही। डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने तक भाजपाई मौजूद रहे।

### इन आरोपियों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

पुलिस ने पीड़ित अजीत की तहरीर पर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर सरवन निवासी सूफियान पुत्र अतीक, इस्तखार उर्फ भोला पुत्र अतीक, रजा वारसी पुत्र हासिम, एपीशान पुत्र शमशाद, मसरूफ पुत्र रफीक व 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज की है।


प्रदेश अध्यक्ष की पीडीए पंचायत की रणनीति बनाते सपा कार्यकर्ता।

# 18 को पीडीए पंचायत में आएंगे डॉ. राजपाल

सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजपाल कश्यप 18 फरवरी को कस्बे के विकासखंड कार्यालय के बगल में पीडीए पंचायत को संबोधित करेंगे। सपाई पंचायत को सफल बनाने के लिए जुट गए हैं।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इदरीश खान व पिछड़ा वर्ग सभा के प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव ने बताया कि आगामी 18 फरवरी को सुबह 11 बजे सपा पिछड़ा वर्ग सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप पीडीए पंचायत को संबोधित करेंगे। पंचायत को सफल बनाने के लिए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, सपा नेता नीरज कश्यप, पिछड़ा वर्ग सभा के जिलाध्यक्ष रामसिंह पाल को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही अन्य पदाधिकारियों को लगाया गया है। तैयारी बैठक में सभासद देवसिंह यादव, बाबू सिंह यादव, कप्तान सिंह यादव, अशोक कुमार यादव, रामभजन खंगार, रामलखन प्रजापति, विद्याभूषण साहू, संजय यादव, गोरेलाल यादव, नीलू यादव, सलीम अहमद, अनिल यादव आदि सपाई मौजूद रहे।

## किसानों ने नहीं किया खेती-किसानी का काम

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में कई ग्राम पंचायतों में ग्रामीण भारत बंद के तहत खेती किसानी ठप रखी। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बछरन, सगवारा, प्रसिद्धपुर, चांदी धुमाई, अर्जुनपुर, बरवारा, छिपनी, चिल्ला, संग्रामपुर, सिद्धपुर, रिहुंटिया, लवेद, खंडेहा आदि गांवों में किसानों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और उत्पादों को बाजार नहीं ले गए।

**नीलामी – सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.02.2024 दिन सोमवार को थाना माधौगढ़ में 01 अदद ट्रक नं0 UP70DT6424 की नीलामी होना प्रस्तावित है। आप लोग दिनांक 19.02.2024 को नीलामी में भाग ले सकते है।

रजनेश कुमार चौहान
प्रभारी निरीक्षक
कोतवाली माधौगढ़ जनपद जालौन

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम शाह जहां खातून से बदलकर शांह जहां रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जाए। – **शांह जहां पत्नी मकबूल अहमद नि0 ग्रा0 जारमऊ पो0 मंगौवा, बाराबंकी उ0प्र0**

**सार्वजनिक सूचना**

**जी.एस. कालेज ऑफ लॉ**

खजुरहट (गन्डई), तहसील–बीकापुर, जिला–अयोध्या (उ.प्र.), पिन कोड–224 206

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जी. एस. कॉलेज आफ लॉ खजुरहट (गंडई) बीकापुर, अयोध्या के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक 14.2.2024 को अमर उजाला माई सिटी में पब्लिक नोटिस के माध्यम से प्रबंधक अनुरुद्ध कुमार तिवारी को हटाए जाने की सूचना दी गई है। जो पूर्णतया असत्य व निराधार है। कुछ माह पहले कॉलेज से महत्वपूर्ण प्रपत्र सहित थैला गुम हुआ था, काफ़ी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर प्रबंधक जी द्वारा कोतवाली बीकापुर में दिनांक 13. 12. 2023 को गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। उन्हीं गुम हुए प्रपत्रों का दुरुपयोग एवं कूटरचना कर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता व उनके पुत्र अनुज गोयल द्वारा प्रबंधक को गैरकानूनी तरीके से हटाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके संबंध में संजीव कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गोयल, राजेंद्र यादव उर्फ राजन आदि लोगों पर थ्प्द पंजीकृत कराए जाने हेतु वाद श्रीमान न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) 3 अयोध्या के यहां विचाराधीन है। उपरोक्त सभी विपक्षी लोगों के द्वारा ट्रस्ट व कॉलेज के संबंध में प्रबंधक हस्ताक्षरित कोई कूटरचित लेख व प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने पर बिना प्रबंधक की पुष्टि के उसे पूर्णतया असत्य, गैरकानूनी एवं कूटरचित माना जाय।

आज्ञा से
अनुरुद्ध कुमार तिवारी
प्रबंधक – जी. एस. कॉलेज आफ लॉ
सचिव – जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी–मो0 लला कजियाना खुर्द जायस, जि0 अमेठी,** मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या–214496968 में मेरा नाम त्रुटिवश बाबू अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम बाबू उर्फ मो0 शकील है। यहकि मोहम्मद शकील व बाबू एक ही व्यक्ति के नाम हैं इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। अतः मेरी एलआईसी पॉलिसी में मेरा सही नाम बाबू उर्फ शकील दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी इटावा का आवटन पत्र वास्तव मे कही खो गए है। जिसका डीड सं. 509 दिनांक 17.03.1966 है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। **यतीन्द्र नाथ दुवे पुत्र सत्य नारायण दीक्षित निवासी मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी तुलसी नगर इटावा उ.प्र.**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MITHILESH KUMARI था अब मैने बदलकर अपना नाम MITHILESH YADAV रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: AJAY KUMAR, R/O E-10, PANDEY KA TALAB COLONY TAL KATORA ROAD AISHBAGH LUCKNOW 226004**

**सूचना**

मैंने अपना नाम SAFINAJ से बदलकर SAYYED SAFINAZ रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/o- SAYYED MOHAMMAD AKRAM, Add- VILLAGE-SALAHUDDIN PATTI,Post-ZAMIN RASOOLPUR, JAMIN RASULPUR, AZAMGARH (U.P.)- 276127**

## सार-संक्षेप

### पत्रकार को जान से मारने की धमकी

**माधौगढ़-जालौन।** कुछ समय पूर्व पत्रकार आशीष कुमार द्वारा पेट्रोल टैंक की घटतौली की खबर सार्वजनिक होने को लेकर के पेट्रोल टैंक कर्मियों ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसका मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आज बंगरा से लौटते समय कमसेरा चौराहे पर उदय ठाकुर निवासी अमखेड़ा तथा कुछ अन्य लोगों द्वारा पत्रकार आशीष को बीच रास्ते में रोक कर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए जातिसूचक गालियां दीं। उन लोगों ने मोबाइल भी छीन लिया था लेकिन भीड़ आती देखकर वह लोग मोबाइल वहीं फेंक कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

### खनिज परिवहन रहेगा प्रतिबंधित

**चित्रकूट।** पुलिस प्रशासन ने पुलिस भर्ती परीक्षा को देखते हुए दो दिन खनिज परिवहन को प्रतिबंधित किया है। बताया गया है कि 17 और 18 फरवरी को होने वाली उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के कारण जिले में 18 फरवरी तक सभी प्रकार के खनिज पदार्थों का परिवहन कर रहे वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

### ग्राम समाज की बेशकीमती जमीन पर हो रहा कब्जा

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के सायर गांव में ग्राम पंचायत की जमीनों पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा ने की है। उनका कहना है कब्जेदार लगातार अपने अभियान में जुटे हुए हैं। जिससे लाखों रुपये कीमत की सरकारी जमीन अब सिकुड़ती जा रही है। सायर प्रधान ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी से शिकायत की है। कहा गांव निवासी एक व्यक्ति सड़क किनारे की बहुमूल्य ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहा है। मना करने के बावजूद वह नहीं मान रहा है। उसने बताया कि यदि इस तरीके का अभियान अवैध कब्जा करने का कार्य चलता रहा तो वह समय दूर नहीं जब ग्राम समाज की जमीन अवैध कब्जेदारों के कब्जे में होगी। उधर भुलसी गांव में ग्रामीणों ने प्रधान पर ही आरोप लगाया है कि वह गांव सभा की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा है। शिकायत करने पर भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो रहा है। इस मामले में उप जिलाधिकारी ने राजेश चंद्रा ने संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को तत्काल जांच उपरांत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

**हमीरपुर।** बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसियों ने यमुना घाट स्थित जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के आवास में प्रेस वार्ता की। जिलाध्यक्ष कहा कि जबसे केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार ने कार्य भार ग्रहण किया। तबसे कमर तोड़ महंगाई बढ़ी हुई है। जिससे आमजनमानस कराह उठा है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कौशल किशोर द्विवेदी ने कहा भाजपा सरकार के सत्तासीन होने के बाद से चीन ने भारत की सैकड़ों किमी भूमि पर कब्जा कर अपने गांव स्थापित कर लिए हैं। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर महेश सिंह राणा, संतोष शुक्ला, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, देवेंद्र मोहन चौबे सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### तंबाकू की फसल नष्ट करने से मना किया तो पीटा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** गांव महादेवपुर निवासी रामरतन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है 3 फरवरी की शाम 6 बजे वह अपने भाई ब्रजेंद्र, कुलदीप के साथ खेत की रखवाली कर रहा था। तभी भजी नगला निवासी कल्लू, रिंकू, दयाराम, सत्यपाल अपने मवेशी लेकर खेत में घुस आए और तंबाकू की फसल को नष्ट कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपित हमलावर हो गए और लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। तभी बीच बचाव करने आए गांव के बीरपाल को भी हमलावरों ने टकोरा व हंसिया से हमला कर घायल कर दिया।

# गुणों की खान हैं मोटे अनाज: सांसद

चित्रकूट कार्यालय


व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से जानकारी लेते सांसद। अमृत विचार

- दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में शुक्रवार को कृषि विभाग के दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का समापन हो गया। इस मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल ने मोटे अनाज को स्वास्थ्यवर्धक और गुणों की खान बताते हुए किसानों से इनके उत्पादन पर जोर देने का अनुरोध किया।

सांसद ने कहा कि किसान परंपरागत खेती की विधियों को पुनर्जीवित करें और मिलेट्स को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें कि स्वस्थ सुखी व संपन्न हो सकें। सांसद ने मिलेट्स व्यंजन से संबंधित व्यंजन प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। किसानों और महिलाओं को भी प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल, कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां की गृह वैज्ञानिक डॉ. ममता त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय गौतम ने किसानों को नई तकनीकी के बारे में बताया। संचालन विषयवस्तु विशेषज्ञ प्रीति राज ने किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. प्रतिभा पांडेय एवं जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल शामिल रहीं।

## एबीवीपी ने की घटना की निंदा जताया शोक

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पांडेय व जिला सह संयोजक तेज प्रकाश की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा गया। इसमें सीआईसी हादसे के की निंदा करते हुए दोषियों पर कडी कार्रवाई की मांग की गई है। इस मौके पर अनुज निषाद, बादल, प्रशांत शुक्ला, राजप्रताप, आयुष सिंह, शिवम, राजेश सिंह, ललक सिंह, नीतेश, आदर्श यादव रहे।

## वृद्ध को पीट-पीट कर मार डाला

**शमसाबाद-फर्रुखाबाद।** खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ लेने पर खेत मालिक ने मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। गांव छिछौनापुर निवासी 62 वर्षीय हरीराम ने गुरुवार की शाम गांव के ही शैतान सिंह के खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ ली थी। इसी पर खेत के पास मौजूद शैतान सिंह ने देख लिया और गाली गलौज की। थोड़ी देर मुंहाचाई के बाद शैतान सिंह ने हरीराम को लाठी डंडों से पीटकर उसे मरणासन्न कर दिया। अस्पताल में मौत हो गई।

# एसपी के निर्देश पर पुलिस ने किया बलवा मॉकड्रिल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पुलिस व फायर बिग्रेड की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को सीओ सदर राजेश कमल के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस परेड ग्राउंड में बलवा मॉक ड्रिल की।

पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा के निर्देशन में ड्रिल में क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को दंगा निरोधी उपकरणों जैसे एंटी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस के गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, कैन्शील्ड, हैण्ड गार्ड/लेग गार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बलवा मॉकड्रिल करते हुए पुलिस पब्लिक पर पथराव कर रहे दंगाइयों को नियंत्रण कर उनको गिरफ्तार करने तक की प्रक्रिया का रिहर्सल किया। पथराव में घायलों को तत्काल इलाज मुहैया करने का अभ्यास किया गया।इस दौरान सीओ ने सभी को सदैव दंगा निरोधी उपकरणों से अल्प समय में ही सुसज्जित होने, साफ-सुथरी वर्दी धारण करने, पुलिस विभाग की गरिमा बनाये रखने के लिए संबंधित आवश्यक निर्देश व हिदायत दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात , वि0ख0- कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक/मेमो/ मनरेगा 2023–2024 दिनांक–16/02/2024

**विज्ञप्ति**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कुरारा देहात में डामर रोड से महादेव के घर तक का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 17/02/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 23/02/24 को अपराह्व चार अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 63 बोरी |
| 2 | लोकल बालू | 27 घन मी0 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 10.80 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 11.83 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 4.36 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 3100.00 WW |
| 7 | Paver Black Brick | 5100.00 WW |

प्रधान
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

# 21 केन्द्रों में आज से परीक्षा, 10 हजार होंगे परीक्षार्थी

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गईं, शनिवार व रविवार को कुल चार पालियों में कराई जा रही परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा होनी हैं, इसको लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। यहां 21 केन्द्रों पर दो दिनों में चार पालियों में 10 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाएं भी देख ली गई हैं तथा सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराए जाने के पूरे इंतजाम कर लिए गए हैं। इस संबंध में परीक्षा केन्द्रों के प्रधानाचार्यों को जरूरी निर्देश भी दे दिए गए हैं।

परीक्षा के दिनों में अभ्यर्थियों तथा शहर के लोगों को कोई परेशानी न हो इसके भी इंतजाम किए गए हैं क्योकि इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आने से दो दिन तक शहर में खासी भीड़ रहेगी। जिले में कुल 21 परीक्षा केंद्र हैं जिसमें लगभग 10896 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रशासन की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए तथा नकल विहीन परीक्षा कराई जाए। पहले से सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कह दिया गया कि वे केंद्रों का परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व भ्रमण कर लें और व्यवस्थाएं देख लें। सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा शुरू होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्न पत्रों के गोपनीय पैकेट सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में खोले जाएंगे। परीक्षा से एक दिन पहले शुक्रवार को ही पुलिस ने निगरानी शुरू कर दी है। शहर के कई स्थानों पर पुलिस ने आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी तथा जरूरत समझे जाने पर पूछताछ भी की। शहर की सभी फोटो काफी की दुकानों को दो दिन बंद रहेंगी।

### परीक्षा के लिए रोडवेज ने बनाया प्लान

17 व 18 फरवरी को जिले में होने वाली नागरिक पुलिस सेवा भर्ती परीक्षा को लेकर भी रोडवेज प्रबंधन ने प्लान तैयार किया। दरअसल लोकल परीक्षा केंद्र होने के चलते बड़ी संख्या में परीक्षार्थी एक जिले से दूसरे जिले में पहुंच रहे हैं। लिहाजा इस बड़ी संख्या को देखते हुए रोडवेज को रीजनल सेवाओं के साथ ही लोकल कनेक्टिव सेवाओं को विस्तार देने के लिए कहा गया। साथ यह भी सुनिश्चित किया गया है कि जो छात्र अन्य राज्यों अथवा दूसरे दूर के जिलों से आ रहे हैं, उनके लिए परिचालन में ढील देते हुए बसों के समय के अंतर को भी कम किया जाए। दो दिनों के लिए सभी डिपो स्टेशन पर कंट्रोल रूम भी बनाए जा रहे हैं जिससे परीक्षार्थियों को दूसरे जिलों से आने-जाने में कोई दिक्कत न हो।

### चौराहों पर बनेंगे पूछताछ केन्द्र

पुलिस अधीक्षक की मुताबिक सभी चौराहों पर पूछताछ केंद्र बना दिए जाएंगे, जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र तक आने में कोई भी समस्या न हो। सभी सेंटरों पर दो महिला सिपाही व दो पुरुष सिपाही उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र पर पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे, उनका मोबाइल नंबर सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होना चाहिए। जिससे कोई भी समस्या आने पर एक दूसरे को सूचित कर दिया जाए। पुलिस लाइन में मास्टर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिससे कोई भी समस्या आने पर संबंधित को अवगत करा दिया जाए।

### यह होगा परीक्षा का समय

- प्रथम पाली सुबह 10.00 बजे से 12 बजे तक
- द्वितीय पाली 3.00 बजे से 500 बजे तक

## 'मुन्ना भाइयों' पर पुलिस की रहेगी पैनी निगाह

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शनिवार यानी 17 व रविवार 18 फरवरी को आयोजत होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। किसी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन बेहद सख्त है। जिले में मुन्नाभाइयों (सॉल्वरों) की तलाश में लगातार प्रशासन पैनी नजर बनाए हुए है। परीक्षा के दिन जिले में कहीं भी फोटोकापी की दुकानें नहीं खुलेंगी।

परीक्षा सीसीटीवी की कड़ी निगरानी के बीच आयोजित होगी। जिले में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा प्रस्तावित है, जिसको लेकर करीब एक माह से तैयारियां चल रही हैं। परीक्षा केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा छानबीन की जा रही है। ताकि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आए। कहीं पर भी फोटोकापी दुकान खुली पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर, पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एसपी ने ब्रीफिंग की। यूपी पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल कराने को एसपी उदय शंकर सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में ब्रीफिंग गोष्ठी का आयोजन किया।



ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- एसपी ने ब्रीफिंग के जरिए पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश

### परीक्षार्थियों से कहीं अवैध वसूली न की जाए

एसपी ने कहा कि जिला मुख्यालय पर जहां पर सेंटर बनाए गए हैं, वहां पर स्थित होटल संचालक, रिक्शा, आटो को निर्देशित किया जा चुका है कि परीक्षार्थियों से अनावश्यक वसूली नहीं करे। यदि होटलों पर रुकने के लिए उनके अभिभावक व परीक्षार्थी पहुंचते हैं तो उनसे जो सामान्य दिनों में रुपया लिया जाता है, वही लिया जाए।

## डीजल टैंक में वेल्डिंग करते समय विस्फोट, एक की मौत

संवाददाता बकेवर

- बस का डीजल टैंक खुलकर आया था दुकान
- गंभीर रूप से घायल एक युवक कानपुर किया गया रेफर

**अमृत विचार।** प्राइवेट बस के डीजल टैंक में वेल्डिंग करते समय अचानक विस्फोट हो गया। जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां से दोनों को कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में एक युवक की सांसें थम गईं। वहीं विस्फोट से स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा रहा।

शिकोहाबाद जनपद के फतेहाबाद निवासी मुन्ना अपनी ससुराल बकेवर में रहता है। बताया जा रहा है कि वह यहां वेल्डिंग का काम करता है। शुक्रवार को एक प्राइवेट बस का डीजल टैंक खुलकर मरम्मत के लिए दुकान आया था। जहां मुन्ना टैंक में वेल्डिंग कर रहा था। तभी अचानक टैंक में विस्फोट हो गया जिससे मुन्ना और वहीं आटो पार्ट्स की दुकान चलाने वाले प्रेम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां से मुन्ना और प्रेम कुमार को कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में मुन्ना की सांसें थम गईं। परिजन शव लेकर वापस लौटे तो शव देख कोहराम मचा रहा। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।




मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## पत्नी ने ही बेटों के साथ मिल कर रची थी पति की हत्या की साज़िश

**खुलासा...**

संवाददाता फतेहपुर

- 12 साल से अलग रह रहा था मृतक हरिश्चन्द्र
- गांव का घर बेचकर नहीं दे रहा था हिस्सा

**अमृत विचार।** खेत में नलकूप पर सोते समय किसान की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी और दोनों पुत्रों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मृतक मकान और अन्य संपत्ति बेच रहा था। दो बेटों को कोई भी हिस्सा न मिलने पर पत्नी ने हत्या की योजना बनाई थी।

पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में किसान की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि जहानाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले मृतक हरिश्चंद्र निषाद (50) की 13 फरवरी को खैराबाद गांव में उनके खेत में बने नलकूप पर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। 14 फरवरी की सुबह जब मृतक के भाई रामचंद्र ने जाकर देखा तो खून से लथपथ शव पड़ा था। भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर थाना पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक की पत्नी निर्मला देवी का पति से किसी बात को लेकर अनबन होने पर 12 साल से अपने दो बेटों राज कुमार और शिवकुमार के साथ अलग रह रही थीं। मृतक के दोनों बेटे सूरत में एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते थे। हरिश्चंद्र पत्नी और बच्चों को कोई भी खर्च नहीं देता था और छह महीने पहले एक मकान को गांव के कैलाश को 14 लाख रुपए में बेचा था। इसके बाद मृतक की पत्नी निर्मला देवी ने दोनों बेटों को फोनकर कहा कि तुम्हारे पिता सारी संपत्ति बेच रहे हैं और तुम लोग काम करते रहना। बेटों से बातचीत के बाद पत्नी ने हत्या की योजना बनाई। मृतक के दोनों बेटे 12 फरवरी को सूरत से चांदपुर थाना क्षेत्र के गहरुखेड़ा गांव आकर रुके और 13 फरवरी की रात में नलकूप पहुंचकर सोते समय पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद थाना क्षेत्र के बस स्टैंड से मृतक की पत्नी निर्मला देवी और दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने हत्या में इस्तेमाल दो चाकू, मृतक का आधार कार्ड, व एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

## पुलिस का हथियार बनी शांतिभंग की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विवाद से जुड़ी घटनाओं को पुलिस पचा रही है। बढ़े मामलों में शांतिभंग की धारा को हथियार बनाकर मुकदमा लिखने से बच रही है। ऐसा नहीं की इसका प्रयोग एकाध थाने में हो रहा है। कई थाना क्षेत्र में हुए विवाद इसके उदाहरण हैं। लोग सवाल भी उठा रहे हैं कि खाकी शांतिभंग की धारा को हथियार के तौर पर क्यों प्रयोग कर रही है। एसडीएम कोर्ट में करीब पन्द्रह दिनों से शांतिभंग के मुकदमों को आनलाइन किया जा रहा है। इसके बाद से अचानक इन मुकदमें में तेजी से कमी आयी है।

जिले के विभिन्न थानों में मारपीट जैसी घटना होने के पश्चात शांतिभंग की कार्रवाई की जाती है। जबकि ऐसे मामलों में इसके इतर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। जब मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचता तो हल्का थानेदार यह कहकर पिंड छुड़ा लेते हैं कि कार्रवाई कर दी गई है। जबकि विवाद के बाद शांतिभंग की कार्रवाई समझ से परे है।

### एसडीएम कोर्ट में मुकदमे ऑनलाइन

एसडीएम कोर्ट बिंदकी ने शांतिभंग के दर्ज हुए मुकदमें को भी ऑनलाइन कर दिया है। करीब पन्द्रह दिनों पहले तक ऑफलाइन की व्यवस्था थी। पन्द्रह दिनों पहले तक रोजाना थानों में दर्ज होने वाले केस की संख्या करीब डेढ़ दर्जन थी। इन मुकदमों के ऑनलाइन होते इधर दो केस के आसपास संख्या देखने को मिली। कोर्ट में ऑनलाइन केस होने पर अचानक आयी कमी को लेकर कानून के जानकार भी चिन्तन करने लगे।

## बोलेरो-वैन में टक्कर, तीन घायल

संवाददाता बिंदकी

**अमृत विचार।** कानपुर से शिक्षिकाओं को लेकर आ रही मारुति वैन और जोनिहा की और से स्कूली बच्चों को लेकर जा रही बोलेरो की आमने सामने की तेज भिड़ंत हो गई। हादसे में एक शिक्षिका सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही बच्चे बाल बाल बच गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार की सुबह कानपुर से एक मारुति वैन में बैठकर सभी शिक्षिकाएं आ रही थी तभी खिदिरपुर गांव के निकट सामने से आ रही बच्चो से भरी बोलेरो से आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में शिक्षिका मंजू देवी, रेखा देवी, परवीन बानो प्राथमिक विद्यालय हसनापुर वर्षा, प्राथमिक विद्यालय दौलतियापुर, सुषमा देवी प्राथमिक विद्यालय शिवरी और सर्वेश कुमार उच्चप्राथमिक विद्यालय शिवरी घायल हो गए। वही बोलेरो में बैठे बच्चे बाल बाल बच गए। वही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सभी घायल शिक्षिकाए को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार द्विवेदी और प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बलराम सिंह ने दूरभाष के माध्यम से घायल शिक्षको से बात कर कुशलता की जानकारी ली। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद सभी शिक्षक चले गए।



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- कानपुर से वैन में सवार होकर आ रही थीं शिक्षिकाएं
- बोलेरो में सवार थे छात्र, बाल-बाल बचे

## पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व शिक्षामंत्री अमरजीत जनसेवक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पूर्व विधायक तथा पूर्व माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक का पार्थिव शरीर शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके जेयष्ठ पुत्र ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में विभिन्न दलों के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय लोग शामिल होकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी। पुलिस के जवानों ने गार्ड आफ ऑनर दिया।

बिंदकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री अमरजीत सिंह जन सेवक का पार्थिव शरीर एक लंबे काफिले के साथ कानपुर शहर के पांडव नगर स्थित उनके आवास से उनके पैतृक गांव अदमापुर लंबे काफिले के साथ पहुंचा। इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा अमरजीत सिंह जन सेवक तेरा नाम रहेगा, के नारे सुनाई दिए। गांव में काफिले के साथ पार्थिव शरीर घूमने के बाद गांव के समीप उनके विद्यालय संदीपनी इंटर कॉलेज परिसर में पहुंचा। जहां लोगों की आंखें नम हो गईं। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह तथा विधायक कृष्णा पासवान एवं राज्य मंत्री सिकंदरा कानपुर देहात के विधायक अजीत सिंह पाल आदि लोगों ने पार्थिव शरीर में भाजपा का झंडा रखकर फूल माला अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश बाजपेई, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालू, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुश वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह गौतम, पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सिंह गौतम, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, नीरज तिवारी, सत्यम अग्रवाल, आलोक कुमार गौड़, विक्रम सिंह, नगर पालिका परिषद बिंदकी के पूर्व अध्यक्ष मुन्नालाल सोनकर, सपा नेता पंकज यादव, मोना ओमर, अशोक तपस्वी, सपा नेता रामबरन वर्मा, बैजनाथ वर्मा, राहुल पटेल, ऋतिक विश्वकर्मा, रामशरण सिंह आदि स्व. जनसेवक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पूर्व मंत्री स्व. जनसेवक के जेयष्ठ पुत्र आशीष सिंह ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दिया। उनके दो पुत्र आशीष सिंह व अमित सिंह हैं। पूर्व मंत्री की अंतिम विदाई में भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही।



पूर्व शिक्षामंत्री के पार्थिव शरीर में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देतीं केन्द्रीय राज्यमंत्री व अन्य।

## गैगस्टर को दो साल दस माह की कैद

**फतेहपुर।** गैंगस्टर में दोषी को स्पेशल न्यायाधीश अविजीत भूषण की फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ने सजा सुनाई है। गैंगस्टर में दो साल दस माह कैद की सजा और 7500 के अर्थदंड से दंडित किया है।

कौशांबी जिले के कड़ाधाम थाना क्षेत्र के औरेनी गांव निवासी पहाड़ीदीन गोवंश की तस्करी में पकड़ा गया था। कल्यानपुर पुलिस ने 2021 में पहाड़ीदीन पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया था। गैंग का लीडर पहाड़ीदीन को बताया गया। विशेष लोक अभियोजक आलोक तिवारी व अमरजीत भारती ने बताया कि कोर्ट में गैंगस्टर के मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपी को गैंगस्टर में दोषी करार दिया।

## बस में आठ यात्रियों के टिकट न बनाने पर परिचालक बर्खास्त

संवाददाता फतेहपुर

- कानपुर-प्रयागराज रूट पर चलने वाली एक बस का मामला
- नोटिस का जवाब न दे पाने पर एआरएम ने की कार्यवाही

**अमृत विचार।** आठ यात्रियों से रुपये लेकर भी उनका टिकट न बनाने पर परिवहन निगम में तैनात परिचालक को बर्खास्त कर दिया गया है। एआरएम की जांच के दौरान मामला पकड़ में आया। परिचालक से स्पष्टीकरण लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

फतेहपुर डिपो से कानपुर-प्रयागराज रूट पर चलने वाली एक रोडवेज बस में 12 फरवरी को संविदा परिचालक प्रवीण दीक्षित की ड्यूटी लगी थी। प्रयागराज की ओर जा रही बस को थरियांव के नजदीक एआरएम विपिन अग्रवाल ने रोक कर जांच की। इस दौरान बस में कुल 59 सवारी मौजूद थी। थरियांव की आठ सवारियों का टिकट नहीं बना था। सवारियों से पूछताछ करने पर पता चला कि परिचालक ने उन्हें टिकट नहीं दिया, जबकि रुपये ले लिए गए। एआरएम ने परिचालक को नोटिस दे कर उससे जवाब मांगा लेकिन वह स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। एआरएम ने बताया कि परिचालक को बर्खास्त कर उसकी संविदा समाप्त कर दी गई है।

**पढ़ाई** क्यूआर कोड वाले परिचय पत्र ही होंगे मान्य, लागू होगी धारा 144

## बोर्ड परीक्षा के अभी बन रहे परिचय पत्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शिक्षक परीक्षा ड्यूटी को लेकर कोई रुचि नहीं दिखा रहे बीमारी आदि का बहाना बनाए हैं। इसके चलते अभी जो परिचय पत्र का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए था वह अभी पूरा नहीं हो सका है। जबकि परीक्षा शुरू होने में छह दिन शेष हैं।

हाईस्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से हैं। लेकिन अभी भी जो तैयारियां हो जानी चाहिए थी वह अभी तक नहीं हो सकी हैं। सबसे महत्पूर्ण कार्य जिसके बिना परीक्षा कराया जाना मुश्किल हो सकता है वह कार्य परिचय पत्र का है। अभी तक इस कार्य को निपटाया नहीं जा सका है। जबकि निर्देश थे कि 15 फरवरी तक परिचय पत्र का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्य एक दो शिक्षकों की सूची लेकर पहुंच रहे हैं जिसके चलते शिक्षकों के परिचय पत्र नहीं बन पा रहे हैं। लेकिन एडेड विद्यालय इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

### क्यूआर कोड वाले होंगे परिचय पत्र

इस बार क्यूआर कोड वाले परिचय पत्र परीक्षा में मान्य होंगे। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को यह डाउनलोड करना है और डीआईओएस कार्यालय में पहुंचकर इंट्री कराकर कालेज के प्रधानाचार्य से हस्ताक्षर कराना है। लेकिन शिक्षक किसी तरह परीक्षा ड्यूटी से बचे रहने को लेकर तरह तरह के जतन कर रहे हैं। परीक्षा केंद्र का 50 फीसदी शिक्षक स्टाफ केंद्र पर परीक्षा ड्यूटी कर सकेगा। 50 फीसदी स्टाफ अन्य परीक्षा केंद्रों पर भेजा जाना है। कई परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य चाहते हैं कि उनका पूरा स्टाफ परीक्षा में लगा रहे और जो शिक्षक डिमांड की वह और मिल जाए जो संभव नहीं हैं।

### शुरू हुई संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं

संस्कृत बोर्ड की परीक्षा जिले के मात्र दो परीक्षा केंद्र पर शुरू हो चुकी है। सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में शुरू हुई संस्कृत बोर्ड की परीक्षा के लिए पंजीकृत 381 परीक्षार्थी हैं। इसके लिए स्वामी नागा निर्वाण संस्कृत विद्यालय हसवां में 291 तथा दूसरे केन्द्र आदर्श संस्कृत विद्यालय कौंडार में 90 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। शुक्रवार को दोनों परीक्षा केंद्रों पर सुबह प्रथम पाली में इतिहास पुराण एवं संस्कृति विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 55 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 8 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा प्रभारी विवेक ने बताया कि परीक्षाएं कड़ी निगरानी में नकलविहीन कराई जा रही हैं।

## कुपोषित बच्चों को पोषित करने की मुहिम को लग रहा झटका

संवाददाता फतेहपुर

- एनआरसी वार्ड में सर्दियों में न के बराबर भर्ती हुए बच्चे

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) के दो माह के आंकड़ों के अनुसार इस केंद्र में महज 18 बच्चों को भर्ती करके इलाज किया गया। स्वास्थ्य विभाग के लाख प्रयासों के बाद भी कुपोषित बच्चों को ग्रामीण इलाकों से केंद्र तक लाना मुश्किल हो रहा है।

जिला अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर में दस बेड का जिला पोषण पुनर्वास केंद्र आठ वर्षों से चल रहा है। कुपोषित बच्चों को भर्ती करके 15 दिन तक इलाज करने की व्यवस्था है। इस हिसाब से प्रतिमाह 20 बच्चे इस वार्ड में भर्ती होने चाहिए। वार्ड में स्टाफ नर्स और डायटीशियन की तैनाती है। कुपोषित बच्चे दिसंबर 2023 में सात बच्चे भर्ती हुए थे। जिनमें से दो ओपीडी, इतने ही आंगनबाड़ी व आरबीएसके व एक बच्चे को आंगनबाड़ी के माध्यम से भर्ती कराया गया था। इस वर्ष जनवरी माह में सिर्फ चार भर्ती हुए। इनमें दो ओपीडी व इतने ही आंगनबाड़ी व आरबीएसके के माध्यम से भर्ती कराए गए। वर्तमान में फरवरी माह में अब तक चार भर्ती हुए। जिनमें तीन बच्चे ओपीडी से थे। इससे लग रहा है कि केंद्र तक बच्चों को लाना मुश्किल है।

> अभी तक मौसम की खराबी की वजह से कुपोषित बच्चों को एनआरसी पहुंचाने में दिक्कत हो रही थी। सभी सुपरवाइजर को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से कुपोषित बच्चों को एनआरसी तक पहुंचाएं। जल्द ही कुपोषित बच्चों को भर्ती करके उपचारित कराया जाएगा।
> -डा इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

## सुबह सर्दी, दोपहर में गर्मी होने से बढ़े दस्त और सिरदर्द के मरीज

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की ओपीडी में शुक्रवार को मरीजों की भीड़ रही। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण अस्पतालों की ओपीडी में मरीज उल्टी, सिरदर्द, तेज बुखार, पेट दर्द और डायरिया के साथ शरीर में आ रही कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

ओपीडी में ऐसे लक्षण वाले मरीज आने शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को ओपीडी के लिए 980 पर्चे बने। मरीजों को इंतजार के बाद इलाज मिल सका। क्योंकि डाक्टर ओपीडी में देर से बैठ रहे है। ओपीडी में फिजीशियन, हड्डी रोग के डाक्टर और हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ साथ सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, आंख और दांत रोग विशेषज्ञ के पास मरीजों की भीड़ रही। हृदय रोग के डाक्टर के पास ओपीडी में भीड़ होती है। सुबह नौ बजे के बाद अस्पताल में भीड़ बढ़ने लगती है। इस समय जो मौसम साफ हुआ है उससे ओपीडी में आस पास सीमावर्ती जिलों से भी मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। फिजीशियन के पास इस समय सबसे ज्यादा भीड़ हो रही है। उन्होंने बताया कि खांसी, जुकाम, बुखार के अलावा अब पेट खराब के मरीज सबसे ज्यादा आ रहे हैं। इससे कमजोरी आ रही है। जो भी मरीज दस्त के आ रहे हैं उन्हें खान पान में सावधानी बरतने के लिए समझाया जा रहा है। उनका कहना है कि मौसम में बदलाव के कारण ही यह दिक्कत आ रही है। क्योंकि दिन में चटक धूप हो रही है और सुबह शाम मौसम अभी ठंडा है। इस तरह के जो भी मरीज आ रहे हैं उन्हें देखकर दवा दी जा रही है।



शुक्रवार को अस्पताल में लगी भीड़। अमृत विचार

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

## संपादकीय

# बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

# भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी, लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं, किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है, जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है, जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षाल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं, जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है, जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है, सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां, पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है, जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं, परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# चुनौतियां और किताबों से प्यार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है, क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

# महानता और अंधविश्वास



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं, किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं, वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे, लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे, लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण, वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे, जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

## सोशल फोरम

# अनिवार्य मिलिट्री सेवा

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे, लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का, उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए, जो देशसेवा करना चाहते हों।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

-फेसबुक वॉल से

# भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों, लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

## आपका पत्र

# सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें, तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है, बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन, प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था, लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ, वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी, जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए, उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर, अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। **-शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

# सड़क पर उतरे भाकियू कार्यकर्ता, भरी हुंकार

## किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने जिले भर में किया प्रदर्शन, पूरे समय तक चौकन्ना रहे पुलिस और प्रशासनिक अफसर


रसूलाबाद में हल्ला बोल प्रदर्शन करते किसान नेता। अमृत विचार


रायपुर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते किसान नेता। अमृत विचार


एसडीएम को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** किसानों की मांगें पूरी नहीं होने पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिले भर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्या निस्तारण की मांग उठाई गई। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस-प्रशासन के अफसर चौकन्ना रहे।

रसूलाबाद में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष विनोद शुक्ला व ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर यादव के नेतृत्व में असालतगंज के गेस्ट हाउस में सैकड़ों किसानों की बैठक हुई। इस दौरान के किसान ध्रुव कुमार, मनोज बाथम, अंकित तिवारी, रामपाल, रामलखन, सुधीर सिंह, हरिश्चंद्र, महेश गौतम, गुड्डू सिंह समेत ग्यारह किसानों ने सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद हल्ला बोल रोड प्रदर्शन कर असालतगंज कस्बे का भ्रमण करते हुए किसान नेताओं ने अपनी मांगों की पूरी करने को लेकर नारेबाजी की।

जिला उपाध्यक्ष विनोद शुक्ला ने कहा कि जब तक किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, यह आंदोलन जारी रहेगा। जल्द ही रसूलाबाद के किसान दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे और आंदोलन को एक बड़ा रूप दिया जाएगा।

ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह यादव ने कहा कि जगह-जगह किसानों की बैठक की जा रही है। अब केवल राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आदेश का इंतजार है। इसके बाद रसूलाबाद से किसान दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। हल्ला बोल प्रदर्शन पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर जिला नगर अध्यक्ष गोलू सिंह, मोहित राठौड़, राहुल शुक्ला, राजन तिवारी, आनंद, धुरव कुमार समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### किसानों का कर्ज माफ करे सरकार, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रायपुर में धरना देते हुए भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्यमियों और अन्य लोगों का तो कर्ज माफ रही है, लेकिन किसानों का न तो बिजली का बिल माफ किया जा रहा है और न ही उनका दूसरा कर्ज माफ किया जा रहा है। सरकार को किसानों का सारा कर्ज माफ करना चाहिए। ज्ञापन लेने के बाद एसडीएम ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया ज्ञापन सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान जिला महासचिव देवेंद्र सिंह, किशन लाल, विजय बहादुर, सुमित, राहुल चौहान, रामजीवन, वंदना देवी, लक्ष्मी देवी, शांति देवी, सरला देवी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। वहीं सिकंदरा तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने धरना देकर बारह सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया। उन्होंने मांगों को जल्द पूरा करने के लिए राष्ट्रपति से गुहार लगाई है।

### हरियाणा में लाठीचार्ज नहीं रुका तो दिल्ली कूच करेंगे

- रनियां क्षेत्र के रायपुर में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चंदेल की अगुवाई में किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए किसान नेताओं ने कहा कि हरियाणा में धरना-प्रदर्शन कर रहे किसानों के प्रति न्याय किया जाए। पुलिस के लाठीचार्ज व आंसू गैस को तत्काल बंद किया जाए। अगर किसानों की आवाज दबाने के लिए उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो किसान दिल्ली कूच करेंगे।

## मार्ग दुर्घटना में आरपीएफ जवान समेत दो घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर मार्ग दुघर्टना में आरपीएफ जवान सहित दो लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से एक युवक की हालत ज्यादा गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

कानपुर नगर की घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के कूष्मांडा नगर निवासी मुकेश कुमार (40) ने बताया कि उनकी रेलवे स्टेशन झांसी में आरपीएफ में तैनाती है। जहां से घर जाने के लिए छुट्टी लेकर बाइक में सवार होकर पुखरायां किसी कार्य के लिए आ रहे थे। तभी सिखमापुर गांव के सामने हाईवे पर बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर पुलिस उन्हें सीएचसी ले गई। वहीं भोगनीपुर क्षेत्र के गिरदों गांव निवासी रामबाबू ने बताया कि उसका भाई रामराज (35) बाइक में सवार होकर कालपी की ओर जा रहा था। तभी पिपरी गांव के पास बाइक में डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर रामराज को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### युवक ने फंदा लगा दी जान

**रसूलाबाद।** विजयपुर नैला गांव में संदिग्ध हालात में युवक का शव घर में फंदे पर लटकता मिला। जानकारी पर परिजनो में कोहराम मच गया।रसूलाबाद थाना क्षेत्र के विजयपुर नैला गांव निवासी जयचंद्र का बेटा राजीव (25) लोक निर्माण विभाग में मजदूरी का काम करता था। शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते उसने मफलर का फंदा बनाकर घर के बरामदे में फंदा बनाकर जान दे दी। पिता जयचंद्र जब खेत से वापस घर आए तो राजीव को फंदे पर लटकता देखा। जिसपर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में कर जांच पड़ताल में जुट गई। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। वही घटना से मृतक की मां, पिता जयचंद्र, भाई रजनीश समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद में 19 फरवरी को होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-2024 का आयोजन प्रदेश के सभी जनपदों में कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में उक्त कार्यक्रम सभी तहसील मुख्यालय पर आयोजित किए जाएंगे। उसके आयोजन का संपूर्ण उत्तरदायित्व खंड विकास अधिकारी का होगा। इस में सभी बीडीओ अपने विधानसभावार चयनित स्थलों पर सांसद, विधायक, जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं सदस्य, ब्लाक प्रमुख, ब्लाक विकास समिति के सदस्य व क्षेत्र के सभी उद्यमियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराएंगे। यह जानकारी डीएम कार्यालय से दी गई है।

### आरोपी के घर से लड़की बरामद, रिपोर्ट दर्ज

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को चपरघटा के मजरा पथार गांव निवासी शिवम गुरुवार देर शाम बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। परिजन रात भर खोजबीन करते रहे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। जिसपर लगने पर मां ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर टीम गठित कर खोजबीन शुरू की और कुछ ही घंटों में लड़की को बरामद कर लिया गया। इस बावत थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी शिवम के घर से लड़की को बरामद कर लिया गया है। उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। कार्रवाई की जाएगी।

### अब 20 फरवरी को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 17 फरवरी व 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होना प्रस्तावित है। जिसमें अधिकांश अधिकारी उनकी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में 17 फरवरी को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस अब 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से दी गई है।

### कुत्ते के हमले से किसान घायल, अस्पताल पहुंचा

**पुखरायां।** मूसानगर थाना क्षेत्र के गांव में खेत से आते समय किसान पर कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। सरौटा तृतीय गांव निवासी ध्रुवलाल ने बताया कि उनके पिता बाबूलाल (50) अपने खेत में किसी कार्य के लिए गए हुए थे। जहां से वापस घर आते समय रास्ते में एक कुत्ता ने हमला कर दिया। चीख पुकार सुनने पर आसपास के लोग दौड़ कर आए। जानकारी पर परिजन किसान को सीएचसी ले गए। जहां उपचार किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की चली गई जान

**पुखरायांः** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के दलेलनगर गांव के समीप से निकली झांसी लखनऊ रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुखरायां चौकी प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि दलेलनगर के पास खंभा नंबर 1290/12 के पास ट्रेन की चपेट में आने की सूचना उन्हें मिली थी। मौके पर जाकर छानबीन की गई है। मृतक की उम्र करीब तीस के आसपास हैं। उसके पास पहचान के लिए कोई वस्तु नहीं मिली है। मृतक नीला जींस और सफेद शर्ट पहने हुए था। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सड़क हादसे में घायल चौथे दोस्त की मौत

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचारः** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के सरायं गांव के समीप छह दिन पहले मिनी ट्रक और कार में हुई भिड़ंत में घायल एक और युवक की मौत हो गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या चार हो गई है। तीन युवकों की हादसे के बाद ही मौत हो गई थी।


आदिल।

घायल युवक का कानपुर में इलाज चल रहा था। मौत की खबर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

बीती 11 फरवरी की रात फतेहपुर जनपद के के बिंदकी के मीरखपुर मोहल्ले में सगाई कर वापस लौटते समय कार और मिनी ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई थी। इस हादसे में कार सवार सभी पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया था, जहां डॉक्टर ने भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अहरौली शेख निवासी शहबाज उर्फ राजा और रिजवान को मृत घोषित कर दिया था, जबकि फैज़ अनवर व आदिल को प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल अकबरपुर से कानपुर ले जाते समय फैज़ अनवर की मौत हो गई थी।

गंभीर रूप से घायल आदिल का कानपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां शुक्रवार की दोपहर आदिल की भी मौत हो गई। एक ही मोहल्ले के चार युवकों की मौत के बाद पूरे अहरौली शेख में सन्नाटा पसरा है।

हर एक की जुबान पर बस यही चर्चा है कि चारों को किसी की नजर लग गई। हंसते-खेलते परिवार बिखर गए। बताया जाता है कि चारो गहरे दोस्त थे। रिजवान की बिंदकी में शादी तय हुई थी। उसी की सगाई कर सभी लोग लौट रहे थे।

### एक युवक का अभी चल रहा इलाज

- इस दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोग घायल हुए थे। इनमें शहबाज उर्फ राजा, रिजवान, फैज अनवर और आदिल की मौत हो चुकी है, जबकि उनके घायल साथी अमन का अभी इलाज चल रहा है। परिवार वालों ने अमन को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जाता है। परिवार वालों के मुताबिक अब हालत खतरे से बाहर है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**शिवली।** मैथा रेलवे स्टेशन के पास बाइक में पेट्रोल डलवा कर वापस आ रहे एक युवक की सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टिकरी गांव निवासी आदित्य सिंह गुरुवार देर शाम को गांव से मैथा रेलवे स्टेशन बाइक में पेट्रोल लेने गए थे। वहा से वापस आते समय ट्रेडर्स की दुकान के पास सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायल को सीएचसी शिवली भेजा। जहा मौजूद ईएमओ डॉ. सन्नी सिंह ने प्रथमिक उपचार किया। बाद में परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## लोडर लूट के मामले में पुलिस के हाथ खाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** बारा टोल प्लाजा के समीप परनामिनपुरवा गांव के पास बुधवार रात बदमाशों ने करीब सात लाख रुपये का पान-मसाला लदा लोडर लूट लिया था और मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने लोडर मालिक की तहरीर पर अज्ञात में लूट की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन घटना के चौबीस घंटे बीत जाने आरोपियों की न तो पहचान कर सकी है और न ही पकड़ सकी है।

कानपुर नगर के बर्रा निवासी लोडर चालक नूर आलम कानपुर नगर से 50 झाल पान-मसाला व दस बोरी जर्दा लोडर पर लादकर बुधवार रात झांसी के लिए रवाना हुआ था। उसके साथ में पनकी कानपुर निवासी एजेंट रामकुमार भी था। चालक बारा टोल प्लाजा बचाने के लिए परनामिनपुरवा-बारा मार्ग से गुजर रहा था। तभी परनामिनपुरवा के पास दो बाइकों से आए चार बदमाशों ने ओवरटेक कर लोडर रोक लिया था और ईंट मारकर शीशा तोड़कर लोडर लेकर कर फरार हो गए थे। डीआईजी जोगेंद्र सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय ने छानबीन कीघटना के खुलासे के निर्देश दिए थे। पुलिस ने अविनाश मोदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल सतीश सिंह ने कहा कि छानबीन की जा रही है।

## बलवंत हत्याकांड में गवाह से एक पक्ष की जिरह पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कोर्ट ने शेष सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तिथि तय की

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में मृतक के चाचा बलबीर सिंह से जारी जिरह में आरोपी तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय की तरफ से जिरह पूरी की ली गई, जबकि आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, आरक्षी सोनू यादव और प्रशांत कुमार पांडेय की तरफ से पिछली तिथि में जिरह पूर्ण की जा चुकी है। यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि जिरह में भी साक्षी बलवीर सिंह ने जेल में निरुद्ध तत्कालीन शिवली एसओ राजेश सिंह, तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय सहित आठों आरोपियों सहित तत्कालीन रनियां एसओ को बलवन्त सिंह की हत्या में शामिल बताया। कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 22 फरवरी की तिथि नियत करने के आदेश पारित किए हैं। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं और गवाह अंगद सिंह ने दिए गए बयानों व जिरह में भी प्रथम सूचना रिपोर्ट व विवेचक को दिए गए बयान का समर्थन किया है। मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच दुर्गेश की न्यायालय में चल रही है। शुक्रवार को सभी आठो आरोपी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।

## पूर्व सांसद ने देखा प्लास्टिक कचरा

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** औद्योगिक क्षेत्र रनियां के रायपुर स्थित एक धागा बनाने वाली फैक्ट्री द्वारा हाईवे किनारे भारी मात्रा में प्लास्टिक का कचरा जमा किया गया है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पूर्व सांसद ने फैक्ट्री पहुंच कर जायजा लिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पानी के सैंपल जुटा कर प्रयोगशाला भिजवाए हैं।


विसायकपुर में फैक्ट्री के बाहर डंप कचरा देखते पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी।

रायपुर स्थित जीपीएल फैक्ट्री में धागा बनाया जाता है। पिछले कुछ दिनों से फैक्ट्री के बाहर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक का कचरा बंडलों में बांधकर हाईवे किनारे जमा कर दिया गया है। स्थानीय लोगों को हो रही असुविधा व फैक्ट्री द्वारा मानकों की अनदेखी कर प्रदूषण फैलाने की जानकारी पर पूर्व सांसद अकबरपुर अनिल शुक्ला वारसी रायपुर पहुंचे। उन्होंने मौके पर क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष पांडेय व एसओ महेंद्र पटेल को भी बुलाकर हकीकत दिखाई। उन्होंने फैक्ट्री के बाहर जमा प्लास्टिक कचरा हटाने को कहा। इसके बाद फैक्ट्री में लगे ईटीपी प्लांट की हकीकत देखी। पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री का प्रदूषित पानी बिना शोधन के ही रिंद नदी में गिराया जा रहा है। जिससे नदी की स्वच्छता खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि पानी के सैंपल लिए गए हैं और इसकी शिकायत जल्द ही एनजीटी में की जाएगी। वहीं क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी आशुतोष पांडेय ने कहा कि जांच की गई है। परीक्षण के लिए पानी का सैंपल प्रयोगशाला भिजवाया गया है।

## सार-संक्षेप

### प्लास्टिक दाना चोरी पर दो गार्डों के खिलाफ तहरीर

**रनियां।** शुकवार को रनियां औद्योगिक क्षेत्र की साइड दो में संचालित प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी से लाखों रुपये के प्लास्टिक दाना की बोरिया चोरों ने पार कर दी। प्रबंधन ने आरोप लगाते हुए दो सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। औद्योगिक क्षेत्र रनियां में पिछले कई महीनों से लगातार अज्ञात चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। रनियां स्थित यूपीएसआईडीसी एरिया में संचालित प्लास्टिक के दाना बनाने वाली फैक्टरी संचालित है। फैक्टरी मालिक विनय कनौडिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि फैक्टरी अंदर लगभग 1100 प्लास्टिक की बोरिया का स्टॉक रखा था। गुरुवार की रात 500 से अधिक बोरिया गायब थी। जिसकी कीमत लगभग एक लाख 56 हजार 500 रुपये है। उन्होंने फैक्टरी के दो सुरक्षा कर्मियों पर चोरी का आरोप लगाया है। इस संबध में एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। सीसीटीवी फुटेज देखे गए है। चोरी का मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है।

### बीमारी से कोटेदार का निधन, जताया शोक

**राजपुर।** नगर पंचायत के राशन कोटेदार की बीमारी के चलते शुक्रवार का निधन हो गया। कस्बा निवासी हरिहर नाथ (50) राजपुर नगर के सरकारी राशन कोटा के संचालक थे। पिछले करीब 15 दिनों से उनके सीने में संक्रमण होने से हालत गंभीर होने पर कानपुर के हैलट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को हरिहर नाथ का निधन हो गया। कोटेदार के निधन पर राशन विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, तन्नू संखवार, कृपाशंकर द्विवेदी, निशात अनवर फात्मी, रामजी पांडेय, कृपा शंकर कटियार, सुरेंद्र कटियार, अनोरी कटियार, रूप सिंह, भूप सिंह, मनोज पोरवाल, रुखसाना बेगम, नफीस खां ने दुख जताया है।


हरिहर नाथ।

### ट्राला में पीछे से भिड़ी डीसीएम, चालक गंभीर घायल

**रनियां।** मैथा-रनियां रोड पर अचानक ट्रक मोड़ने से डीसीएम ट्राला ट्रक में भिड़ गया। जिससे डीसीएम चालक मामूली रूप घायल हुआ। पुलिस ने घायल चालक का निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। शुक्रवार की सुबह कागज का गत्ता लदी डीसीएम के आगे ट्राला ट्रक जा रहा था। उसने अचानक रनियां-मैथा मार्ग की ओर बिना संकेत के मोड़ दिया। जिससे डीसीएम ट्राला ट्रक में पीछे से भिड़ गई। घटना के बाद ट्राला ट्रक मौके से फरार हो गया। हादसे में डीसीएम केबिन क्षतिग्रस्त हो गई और जनपद मैनपुरी निवासी चालक नीलेश कुमार घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक का निजी अस्पताल में इलाज कराया। साथ ही क्षतिग्रस्त डीसीएम को हाईवे से किनारे खड़ा करा दिया है। इस संबध में एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि चालक के मामूली चोटे आई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर सीज, चालक मौके से भागा

**रनियां।** थाना क्षेत्र के किसरवल गांव में गुरुवार की देर रात अवैध खनन करने में एक ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ लिया। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने उसे सीज कर वाहन मालिक की तलाश शुरू की है। सर्द रातों का फायदा पूरी तरह से खनन माफिया उठा रहे हैं। गुरुवार की देर शाम रनियां थाना क्षेत्र के किसरवल गांव के पास एक ट्रैक्टर अवैध मिट्टी खनन में पुलिस ने पकड़ लिया। हालाकि मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। इस संबंध में रनिया एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है। वाहन मलिक की तलाश की जा रही है। खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है।

संभावनाएं

कानपुर देहात से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन

# जनपद से निर्यात वृद्धि की असीम संभावनाएं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** कानपुर देहात परिक्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिला निर्यात प्रोत्साहन के अंतर्गत जिला निर्यात कार्यशाला का आयोजन विदेश व्यापार महानिदेशालय कानपुर, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्टस संस्थान एवं ईसीजीसी की ओर से मां मुक्तेश्वरी सभागार कलेक्ट्रेट में किया गया।



निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों के साथ कार्यशाला में मौजूद डीएम आलोक सिंह व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार कानपुर अमित कुमार ने लोगों को बताया कि कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कानपुर देहात से निर्यात करीब 1242.85 करोड़ रुपये रहा, जिसमें चमड़ा निर्यात 314.06 करोड़ रुपये, इंजीनियरिंग उत्पाद निर्यात 477.79 करोड़ रुपये, मीट निर्यात 24.43 करोड़ रुपये, सब्जी (चना) का निर्यात 4.38 करोड़ रुपये, फल का निर्यात 0.023 करोड़ रुपये, चाय एवं मसाले का निर्यात 1.26 करोड़ रुपये, गेहूं का निर्यात 12.34 करोड़ रुपये, चावल का निर्यात 7.37 करोड़ रुपये, अनाज, तेल एवं बीज का निर्यात 47 करोड़ रुपये व प्रोसेस्ड फूड (बना हुआ खाना) का निर्यात 17.47 करोड़ रुपये का है।

कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि जनपद से निर्यात में वृद्धि की असीम संभावनाएं है। उन्होंने निर्यात से जुड़े विभागों से आह्वान किया कि वह इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करते रहें, जिससे समय-समय पर स्टाक होल्डर्स को निर्यात के प्रति जागरूकता मिलती रहेगी। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन, उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद, सहायक महानिदेशक विदेश व्यापार कानपुर राकेश कुमार, सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक/ईसीजीसी धनंजय झा ने सभी स्टेकहोल्डर्स को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन निर्यातकों को पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

## महिला को खोजकर परिजनों को सौंपा

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने कुछ ही घंटों में लापता हुई मानसिक बीमार वृद्धा को खोजकर किया परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव निवासी प्रभा त्रिपाठी पत्नी विजय त्रिपाठी ने गुरुवार को महिला हेल्प लाइन 1090 पर सूचना देकर बताया कि उनकी मौसी मुन्नी देवी (85) पत्नी राम खिलावन निवासी ग्राम कमालपुर थाना सजेती कानपुर नगर उम्र 85 रिश्तेदारी में आई हुई थी। वह मानसिक रूप बीमार थी और देर शाम बिना किसी को बताए घर से चली गई हैं। जानकारी पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने भोगनीपुर पुलिस को महिला को खोजने के लिए निर्देशित किया था। थाना भोगनीपुर पुलिस ने वृद्धा को चौरा रेलवे स्टेशन भोगनीपुर से बरामद कर लिया।

## एक नजर

### दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न आदि घटनाओं को लेकर उत्पन्न तनाव पर चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर वहां की राज्य सरकार को इंगित करते हुए कहा कि संदेशखाली में महिला उत्पीड़न को लेकर जारी तनाव व हिंसा गंभीर मामला है। वहां की सरकार को मामले में बिना रियायत बरते दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

### कांग्रेस शहर में बढ़ाएगी बूथों की संख्या

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि शहर में बूथो की संख्या बढ़ाई जाएगी। हमारा उद्देश्य हर बूथ को मजबूत करना है जिसके लिए हर बूथ पर दस कार्यकर्ता शामिल होंगे। ये कार्यकर्ता अपने बूथों पर जनता की समस्याओं को सुनेंगे।

# प्रदेश में मजबूत है कानून व्यवस्था: मुख्यमंत्री

## 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- मीट की स्मारिका का किया विमोचन, प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को प्रदान की ट्रॉफी

**अमृत विचार:** मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत है और इसका ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। मुख्यमंत्री शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की।

**फील्ड में मिला अनुभव ही असली ज्ञान** :मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें यह परसेप्शन बनाने में काफी चुनौतियों का सामना किया है। इसके लिये उन्हे दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। समारोह में देश भर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। उनके अपने-अपने अनुभव हैं। उन अनुभवों का लाभ किस रूप में हम ले सकते हैं यह काफी महत्वपूर्ण है। हमारे देश में ज्ञान के आदान-प्रदान की परंपरा वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, जबकि ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध की बदलती प्रकृति के अनुसार हम सभी को अपने आप को तैयार करना होगा। हम जब अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को जनता के सामने शेयर करते हैं तो बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है। वहीं इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से बहुत सारी चीजों को देखने और सीखने का अवसर मिलता है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, डीजी आरपीएफ मनोज यादव आदि शामिल हुए।

# सभी के सहयोग से प्रदेश बन सकता है बाल श्रम मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न
- हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए

**अमृत विचार:** अगले पांच साल में उप्र को बाल श्रम मुक्त कराने के लिए समाज में हर वर्ग को सहयोग करना होगा। क्योंकि प्रदेश व देश का भविष्य इन्हीं बच्चों के हाथ में हैं, बच्चे राष्ट्र निर्माता हैं। साथ ही बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के लिए हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।

यह बात शुक्रवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके परिवार को भी बाहर निकालने के लिए ऐसे प्रयास किये जायें। परिवार की आय के स्रोत बढ़ेंगे तो बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति मिलेगी।

साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित बाल श्रमिक का आयु परीक्षण 24 घंटे में करा लिया जाय। बाल श्रम रेस्क्यू में आ रही दिक्कतों का समाधान किया जाए। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही गैर सरकारी संगठन, यूनिसेफ, श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारी शामिल रहें।

# गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने का खत्म होगा इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुरूआत, तैयारी पूरी

**अमृत विचार:** गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने का इंतजार अब छह साल बाद खत्म होने जा रहा है। इस स्टेशन की नींव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने रखी थी। लेकिन विश्वस्तरीय बनाने का कार्य रक्षा मंत्री रामनाथ सिंह ने किया। इसी के साथ यहां विस्तारीकरण का कार्य पूरा करके शुक्रवार को स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को हैंडओवर कर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 19 फरवरी को इसकी शुरूआत कराने की तैयारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लखनऊ आ रहे हैं। अटल जी के प्रधानमंत्रीत्व काल में गोमतीनगर स्टेशन दो पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव वाले हाल्ट से बढ़कर पांच प्लेटफार्मों वाला स्टेशन बनाया गया। इसके बाद वर्ष 2018 में रेलवे लैंड डेवपलमेंट अथॉरिटी आरएलडी को करीब 385 करोड़ रुपये में स्टेशन को विकसित करने का जिम्मा मिला। आरएलडीए ने विभूतिखंड की तरफ कामर्शियल ब्लाक बनाकर उसे लीज पर दिया। इससे होने वाली आय से गोमतीनगर स्टेशन को भी बनाया गया। स्टेशन का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। एयर कानकोर्स, वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, लाउंज की सुविधा भी दी गई है। नए टर्मिनल पर 14 लिफ्ट और 13 एस्केलेटर लगाए गए हैं। सोलर पावर से स्टेशन बिल्डिंग जगमगाएगी। गोमतीनगर स्टेशन पर आरएलडीए ने चार लाख वर्गफीट क्षेत्रफल में दो कॉमर्शियल ब्लॉक भी विकसित किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के मानकनगर, डालीगंज, सिटी स्टेशन सहित पांच अमृत रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले 18 अंडरपास व 23 ओवरब्रिज का भी पीएम शिलान्यास करेंगे। अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के स्टेशनों को चुना गया है। इनकी कुल संख्या 64 थी. कई स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है।

पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन को 18.50 करोड़ रुपये और ऐशबाग रेलवे स्टेशन को 20 करोड़ रुपये से विकसित किया जा चुका है, जबकि अगले चरण में विकसित होने वाले स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लखनऊ यात्रा के दौरान शिलान्यास करेंगे। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 12 और उत्तर रेलवे के कुल 24 स्टेशन शामिल हैं, जिन्हें अमृत स्टेशन स्कीम के तहत विकसित किया जाएगा. दोनों मंडलों में लखनऊ के पांच स्टेशन शामिल हैं. उत्तर रेलवे के मानकनगर, मल्हौर और मोहनलालगंज स्टेशन के साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे का डालीगंज व सिटी स्टेशन शामिल हैं।

### 23 अंडरपास का भी मिलेगा तोहफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत रेलवे स्टेशनों के अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास आरयूबी का भी शिलान्यास करेंगे। कुल 18 आरओबी व 23 आरयूबी का तोहफा जनता को मिलेगा. लखनऊ में दो आरओबी और 12 आरयूबी का शिलान्यास होगा।

### यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत विकसित होने वाले रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्लेटफॉर्म सरफेस का अपग्रेडेशन, एसी, वेटिंग हॉल, आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम, वाटर वेंडिंग मशीनें, एफओबी, डिजिटल घड़ियां, साइनेज बोर्ड, उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्लो बोर्ड, सोलर प्लांट, शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्धब कराई जाएंगी।

# 8735 निवेश परियोजनाओं का जिलों में होगा भूमि पूजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 करोड़ से कम के निवेश वाले उद्यमियों का जिला मुख्यालय पर होगा पूजन समारोह

**अमृत विचार:** प्रदेश में अबतक के सबसे बड़े निवेश के लिए होने जा रहे भूमि पूजन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 10-15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का ये महाभियान कई मायनों में बेहद खास होने जा रहा है। 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाला मुख्य समारोह जहां राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, वहीं सभी 75 जिलों में भी 19 फरवरी को जीबीसी का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य आयोजन स्थल लखनऊ में देश विदेश के लब्ध उद्योगपतियों की उपस्थिति होगी। जबकि जिलों में 10 करोड़ से कम का निवेश करने वाले उद्यमियों के साथ ही स्थानीय उद्योग से जुड़े गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। इसके अलावा जहां एक तरफ लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी मौजूदगी होगी तो वहीं जिलों में आयोजन के मुख्य कर्ता-धर्ता की भूमिका में जिलाधिकारी होंगे।

**1 से 10 करोड़ की 8 हजार 735 परियोजनाएं:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में कुल 10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को पूरी तरह तैयार हैं। इनमें 500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4 हजार 577 परियोजनाएं, 1 से 10 करोड़ की सर्वाधिक 8 हजार 735 परियोजनाएं शामिल हैं। सभी परियोजनाओं के धरातल पर आने के बाद 34 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 संपूर्ण प्रदेश के साथ ही प्रत्येक जिले में भी औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

### उद्योगों का होगा सत्यापन

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश है कि जिलों में होने वाले जीबीसी के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही जीबीसी के लिए रेडी प्रोजेक्ट के ग्राउंड वैरिफिकेशन का कार्य शत प्रतिशत पूरा किया जाए। इस बात को भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि जीबीसी के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा हो। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने ''उद्यम प्रदेश'' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।

# भूखंडों की बड़े स्तर पर होगी नीलामी

- ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों की प्रक्रिया की शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में समेकित विकास का खाका खींच रही राज्य सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के साथ ही ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाउसिंग व कमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि 18215 से लेकर 38711 वर्ग मीटर प्रसार क्षेत्र वाले इन प्लॉटों का रिजर्व प्राइस 83.78 करोड़ से लेकर 178.34 करोड़ रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। खास बात यह भी है कि बिल्डर प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए जिन प्लॉटों का ऑक्शन किया जाएगा वह ग्रेटर नोएडा में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास ही स्थित हैं। साथ ही, जिन सेक्टर्स में इस स्कीम के जरिए बिल्डर प्लॉट्स की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा वह कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बेहद अहम होगी। फिलहाल, इस स्कीम के तहत ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए जिन प्लॉटों की नीलामी होनी है उनकी ब्रोशर डाउनलोडिंग व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है तथा 1 अप्रैल 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

### सेक्टर 12 व सिग्मा-3 समेत कई सेक्टर के प्लॉट होंगे आवंटित

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है उनमें एमयू, ओमीक्रॉन-1ए, इटा-02, सिग्मा-3 सेक्टर 36 व सेक्टर 12 प्रमुख हैं। प्रक्रिया के अंतर्गत एमयू सेक्टर के प्लॉट नंबर जीएच-02ई (जिसका वर्ग क्षेत्र 18215 वर्ग मीटर निर्धारित है) का रिजर्व्ड प्राइस 87.78 करोड़ रुपये रखा गया है। इसी प्रकार ओमीक्रॉन-1ए सेक्टर में प्लॉट जीएच-01/जीएच01ए (जो कि 30470.52 स्क्वेयर मीटर में फैला है) का रिजर्व्ड प्राइस 140.16 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, इटा-02 सेक्टर के प्लॉट नंबर जीएच01ए (जोकि 28265 वर्ग मीटर में फैला है) का रिजर्व्ड प्राइस 143.02 करोड़ निर्धारित की गई है। वहीं, सिग्मा-3 सेक्टर के प्लॉट नंबर 151 (जो कि 30000 वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है) का रिजर्व प्राइस 138 करोड़ तथा प्लॉट नंबर 207 (जो कि 38771 मीटर वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है और स्कीम के तहत आवंटित होने वाला सबसे बड़े प्रसार क्षेत्र वाला प्लॉट है) का रिजर्व प्राइस 178.34 करोड़ रुपए रखा गई है जो कि सर्वाधिक है।

# रचनाधर्मिता को जीवंत रखने के लिए साहित्य जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकभवन में सचिवालय साहित्यिकी-2023 का हुआ विमोचन

**अमृत विचार:** साहित्य हमारे अंदर रचनाधर्मिता और मनुष्यता को जीवंत रखता है, साथ ही उसे गरिमा और विस्तार देता है। यह बात उप्र सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह ने 'सचिवालय साहित्यिकी- 2023' का विमोचन अवसर पर समाज में साहित्य के महत्व पर कही।

लोक भवन में शुक्रवार को संपन्न विमोचन समारोह में सचिवालय के विशेष सचिव राम नगीना मौर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पत्रिका में प्रेरक कहानियां, कविताएं तथा साहित्य की अन्य विधाओं का ज्ञानवर्धक संकलन है। पत्रिका के संपादक शिव शंकर द्विवेदी ने कहा कि श्रेष्ठ समाज निर्माण में रचनाओं की विशेष भूमिका होती है। इस अवसर पर भास्कर पांडेय , मुक्ति नाथ झा, सर्वेश कुमार मिश्र , अतुल कुमार ,मनोज कुमार सिंह ,अजय ओझा, कमलेश कुमार निरंजन समेत राजपत्रित अधिकारी संघ की कार्यकारिणी सदस्य आदि मौजूद रहे।

# भाजपा का मुखौटा उतर गया : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन में आई नई ऊर्जा

**अमृत विचार:** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से स्पष्ट है कि भाजपा ने 'इलेक्टोरल बॉन्ड' में घालमेल किया है, भाजपाई राजनीति की जड़े भ्रष्टाचार के गहरे पाताल में चली गई है। 'मुट्ठी भर राशन बांटकर खेत लूटने वाली भाजपा' का मुखौटा अब उतर गया है। जनता जीतेगी, भाजपा हारेगी ! हम सब साथ हैं !

सोशल मीडिया एक्स पर किसानों को संदेश देते हुए शुक्रवार को सपा प्रमुख ने कहा है कि 'इलेक्टोरल बॉन्ड' को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक



घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके कृषि कारोबार पर कब्जा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ सिद्ध कर रहें थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा कहीं गई ये बात किसानों-मज़दूरों व भाजपा विरोधी लोगों द्वारा देश के हर गाँव, गली, मोहल्ले तक पहुँचनी चाहिए कि 'भ्रष्ट भाजपा' कैसे अमीरों से पैसे लेकर आम जनता के खिलाफ़ साज़िश रचती है और भावनात्मक रूप से भोली-भाली आम जनता का शोषण करके अपना स्वार्थ साधती है। अखिलेश यादव ने कहा कि पैसे लेकर सवाल पूछने के झूठे आरोपों पर जब किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है, तो पैसे लेकर किसान-मज़दूर विरोधी नीतियां बनाने पर तो भाजपा के सभी सांसदों की सामूहिक सदस्यता चली जानी चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसान सरदार ज्ञान सिंह की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।


## वर्ग पहेली-345

**बाएं से दाएं**

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित
3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।




### वर्ग पहेली - 344 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चिं | 2 गु | ड़ | ना | | |
| | ण | | | 3 धा | |
| | सा | | 4 गो | र | सी |
| 5 मं | ग | ल | पा | णि | |
| | र | | 6 च | क | ई |
| | | 7 ब | ल | | |
| 8 पां | व | | | 9 झूँ | क |

## सुडोकू -62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |


### सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृतिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृष:** आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभीवना बन रही है।

**मिथुन:** आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कर्क:** आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**सिंह:** आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**कन्या:** आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला:** आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**वृश्चिक:** आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

**धनु:** आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर:** आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

**कुंभ:** आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

**मीन:** आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कीमत – सुबह : 10.19
सपूत – रात : 07.00

SONY MAX
जर्सी – सुबह : 09.53
आंख मिचौली – रात : 10.00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 10.54
बुलेट ट्रेन – रात : 09.00

ZEE CINEMA
एलोन – सुबह : 10.30
रईस – रात : 07.30

colors CINEPLEX
दोस्ताना – दोपहर : 12.47
गोविंदा नाम तेरा – रात : 09.56

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी - साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा- बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बच्चा-उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी, गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)- जुग-जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14000-14200 |
| अरहरस्पेशल1 | 11800-12000 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 5200-5300 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

## एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**




सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है। आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक शामिल हैं।

एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। हालांकि, कोई भी ब्याज, 'कैशबैक' या 'रिफंड' ग्राहकों के खातों में किसी भी समय वापस जमा किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा था कि निर्देश लगातार निरंतर गैर-अनुपालन के बाद दिए गए। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा-निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

## सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

## स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,225 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,100-47,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

## कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

## सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

**मुंबई, एजेंसी**

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी



केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

### कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

# जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

## रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

**रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

### कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

### मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजना का किया लोकार्पण

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल सहित कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

## नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम में आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम यहां पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

भारत मंडपम के प्रांगण में सजाई गई इस विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के 10 साल की उपलब्धियों को भी चित्रित किया गया है। जेपी नड्डा के प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन अग्रवाल एवं तरुण चुघ और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका स्वागत किया।

## इंडिया के सत्ता में आने पर एमएसपी को कानूनी गारंटी मिलेगी: राहुल

**रोहतास/सासाराम, एजेंसी**

- कांग्रेस नेता ने बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में किया दावा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा करते हुए कहा कि यदि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो उनकी पार्टी देश में किसानों की लंबे समय से लंबित मांगों को स्वीकार करेगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करेगी।

गांधी अपनी ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के टेकारी में आयोजित 'किसान न्याय महापंचायत' में पहुंचे और उन्होंने खाट पर बैठकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। गांधी ने किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए दावा किया कि किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस एमएसपी को कानूनी गारंटी देगी। उन्होंने कहा-जब भी किसानों ने कांग्रेस से कुछ मांगा हैं, उन्हें दिया गया है। चाहे कर्ज माफी हो या एमएसपी, कांग्रेस ने हमेशा किसानों के हितों की रक्षा की है और हमेशा ऐसा करती करेगी। गांधी का बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत बंद आहूत किया है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

## बिल्डर के आवास और कार्यालय पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, एजेंसी**

**बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला**

पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को एक बिल्डर के आवास और कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

इस बिल्डर को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ पहुंची ईडी की टीम ने व्यवसायी के एक कार्यालय और तीन फ्लैट पर छापा मारा, जिनमें से एक कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नकताला में चटर्जी के घर के ठीक सामने है। ईडी अधिकारी ने बताया-घोटाले में बिल्डर की अहम भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसने (बिल्डर) घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में चटर्जी की मदद की थी। केंद्रीय एजेंसी ने भर्ती के सिलसिले में चटर्जी को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था।

## झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

**रांची।** झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

## केजरीवाल ने विस में रखा विश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया जिसपर सदन में शनिवार को चर्चा होगी। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा-दो विधायक मेरे पास यह कहते हुए आए थे कि भाजपा सदस्यों ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सरकार गिरा दी जाएगी।

दिल्ली आबकारी नीति मामले के फर्जी होने का दावा करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपदस्थ करना चाहती है। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जारी समन पर अमल नहीं करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से किए जाने के बाद केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने को कहा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आप प्रमुख इसका अनुपालन करने के लिए 'कानूनी रूप से बाध्य' हैं।

### न्यायालय को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया

आम आदमी पार्टी (आप) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर 'अतिक्रमण' नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गयी थी। राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को तत्काल प्रभाव से खाली करने के निर्देश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली 'आप' ने कहा कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में 'आप' ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर 'अतिक्रमण' का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप' ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

## बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**संदेशखालि हिंसा**

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

### भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

**कोलकाता।** संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा-पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

# हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

मुंबई, एजेंसी



मुंबई हवाई अड्डे से एक दुखद मामला सामने आया है। यहां एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई दी है। उसका कहना है कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली। ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

# तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

# 84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद



रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देश्यीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देश्यीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

## वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट




वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

## एक नजर

### गाजा के अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से पांच की मौत

राफा। दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल पर इजराइली सैनिकों के हमले से अफरा-तफरी की स्थिति है। ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से शुक्रवार पांच लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेरकर रखने के बाद इजराइली सैनिकों ने इस पर धावा बोल दिया। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में एक मरीज की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सेना ने बृहस्पतिवार को अस्पताल में प्रवेश किया क्योंकि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी।

### भारत से जुड़े धनशोधन मामले में हांगकांग में सात लोग गिरफ्तार

**बीजिंग/हांगकांग।** हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.8 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में भारत से जुड़े एक मोबाइल एप का भी खुलासा हुआ है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा है, जिन्होंने लगभग 37.1 करोड़ डालर की हेरफेर की। खाते में प्रतिदिन 1.28 करोड़ डॉलर आते थे और उसमें 50 से अधिक दैनिक लेनदेन होते थे। उन्होंने कहा-आगे की जांच की जा रही है।

### ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में भारतीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में 28 वर्षीय एक भारतीय महिला कार में मृत पाई गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टीम इस मामले में सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिल दहला देने वाली घटना। उच्चायोग की एक टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। मीडिया के अनुसार, माउंट ईसा पुलिस जिला अधीक्षक टॉम आर्मिट ने बताया कि पुलिस महिला की मृत्यु की परिस्थितियों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, मृतका का वाहन बाढ़ के पानी में आंशिक रूप से डूबा हुआ पाया गया था। महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है।

### अमेरिका के चेयेने में गोलीबारी, एक युवक की मौत, दो घायल

**चेयेने।** अमेरिकी राज्य व्योमिंग की राजधानी में सड़क पर गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। चेयेने पुलिस विभाग की प्रवक्ता एलेक्जेंड्रा फार्कस ने कहा कि गुरुवार को आवासीय क्षेत्र में गोलीबारी हुई। फार्कस ने कहा कि जांच अधिकारी गोलीबारी के कारणों और पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि घटना में घायल हुए लोग वयस्क थे या नहीं।

## पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों के घर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा तलब

# इमरान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

## इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इसके बाद इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं। बुशरा बीबी से चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अवैस दस्तगीर मिले थे। बताया जाता है कि जनरल अवैस दस्तगीर पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बेहद करीबी माने जाते हैं। जनरल दस्तगीर ने इमरान और बुशरा से कहा कि सेना उन्हें आने वाले समय में कई राहत देगी और पीटीआई को केपीके में सरकार बनाने की अनुमति दी जाएगी। सेना ने इमरान से कहा है कि वे गठबंधन सरकार बनने दें ताकि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आ सके और अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

# मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए

इंफाल, एजेंसी

- हिंसा में दो लोग की मौत, 42 घायल, पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित की



मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

इससे पहले मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में कहा कि लगभग 300-400 की संख्या में भीड़ ने एसपी कार्यालय पर धावा बोलने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया। पोस्ट में कहा गया कि सुरक्षा बल आंसू गैस चलाकर प्रदर्शनकारियों को उचित जवाब दे रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

## हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि हथियार लूट मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ईआरबी कैंप से लूटी गई चार इंसास राइफलें, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9 एमएम गोला बारूद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि 13 फरवरी को भीड़ चिंगारेल में 5वीं आईआरबी के शिविर में घुसी और हथियार और गोला-बारूद लेकर भाग गई।

# अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है। सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था।

हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

## न्यूक्लियर प्लांट...



**लंदन :** ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0.2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखाली विवाद, सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखाली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें।

याचिका में संदेशखाली के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखाली मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। चीफ जस्टिस ने कहा कि 'आप हम पर दबाव नहीं बना सकते। हम इसे लिस्ट करेंगे और दोपहर बाद इस पर विचार करेंगे।

## शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

# वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

# जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी



- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

विज्ञान — वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु परिवर्तन में भारी परिवर्तन की आशंका

# गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।



अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है । जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

## कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

# फैक्टरी में आग से मौत का आंकड़ा बढ़ा, 11 की गई जान

नई दिल्ली, एजेंसी

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान अभी भी जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम

अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। अलीपुर के रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्टरी में हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला। आग इतनी भयानक थी कि लपटें काफी दूर तक दिखाई दे रहीं थीं।

फैक्टरी में केमिकल के ड्रम होने के कारण आग तेजी से फैल गई, चीख-पुकार के बीच कुछ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भगदड़ के बीच कई लोग मामूली घायल हो गए। आग ने स्टेशनरी व टेलर की दुकान, सैलून, ढाबा, किराना स्टोर व सामने वाले घरों को चपेट में ले लिया।